तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


रेलवे स्टेशन में रैम्प नहीं होने से सायकल उठाकर फुटओवरब्रिज पार करने का प्रयास करती महिला।

## खबर संक्षेप

### नए डीजीपी अरूण गौतम पहुंचे शहर

**बिलासपुर।** शुक्रवार को नए डीजीपी अरूण देव गौतम काम से हाईकोर्ट आए थे। उसके बाद वे आफिसर्स मेस पहुंचे। आईजी डा. संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। 15 से 20 मिनट अधिकारियों से चर्चा करने के बाद वे रायपुर लौट गए। इस दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी आफिसर्स मेस में उपस्थित थे।

### प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी नए कोटा थाना प्रभारी

**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह ने जिले में ट्रेनिंग में आए प्रशिक्षु आईपीएस सुमीत कुमार धीत्रे को कोटा का नया थाना प्रभारी बनाया है, उन्होंने थाने का चार्ज ले लिया है। इसके पहले 15 मार्च 2024 को कोटा में टीआई रजनीश सिंह ने चार्ज लिया और 18 जून को तबादला हो गया। 18 जून 2024 को टीआई अनिल अग्रवाल ने चार्ज लिया और एक माह बाद 14 जुलाई को गांजा के आरोपी को छोड़ने पर हटाया गया। 14 जुलाई 2024 को टीआई उमेश साहू ने चार्ज लिया और दो माह बाद 6 नवंबर 2024 को उन्हें हटा दिया गया। 6 नवंबर को प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहूजा ने चार्ज लिया और एक माह बाद 3 दिसंबर 2024 को उन्हें हटा दिया गया। 3 दिसंबर 2024 को एसआई राज सिंह ने चार्ज लिया था। अब दो माह बाद फिर से प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी को नया थाना प्रभारी बना दिया गया है।

### 250 पुलिसकर्मियों की लगाई गई ड्यूटी



**बिलासपुर।** शनिवार को मतगणनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में 250 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। तीन राउंड में बेरिकेट लगाकर पुलिस बल तैनात रहेगा। बाहरी लोगों को अंदर जाने नहीं दिया जाएगा। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर मतगणनास्थल कोनी इंजीयरिंग कालेज में सुरक्षा व्यवस्था की पुरी तैयारी कर ली गई है। जिले के 250 पुलिस अधिकारी व जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। तीन राउंड में बेरिकेडिंग कर अधिकारी व जवानों की फिक्स ड्यूटी लगाई गई है। गेट नम्बर 1 में प्रशासनिक अधिकारी व मीडिया, गेट नम्बर 2 में कर्मचारियों व गेट नम्बर तीन में प्रत्याशी, एजेंटो को प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा किसी भी बाहरी लोगों को अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बारही लोग लाउड स्पीकर से मतगणना की जानकारी लेंगे।

# प्रत्याशियों की धड़कनें तेज, महापौर, अध्यक्ष व पार्षद समेत 506 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

## स्ट्रांग रूम से सुबह निकाली जाएगी ईवीएम, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज परिसर में होगी नगर निगम चुनाव की मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव के मतदान के बाद शनिवार को मतगणना होगी। जिले के नगर पालिक निगम बिलासपुर समेत नगर पालिका परिषद तखतपुर, रतनपुर, बोदरी व नगर पंचायत बिल्हा, कोटा, मल्हार सातों नगरीय निकायों के 506 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। इसमें महापौर, निकाय अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों के लिए 11 फरवरी को मतदान हुए थे उस चुनाव के नतीजे आएंगे। नगर पालिक निगम बिलासपुर की मतगणना गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज परिसर में होगी, जबकि अन्य निकायों की मतगणना संबंधित जगहों पर होगी। नतीजे को लेकर उल्टी गिनती शुरू होते ही प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन तहत जिले के सातों नगरीय निकायों नगर निगम बिलासपुर, नगर पालिका परिषद तखतपुर, रतनपुर, बोदरी व नगर पंचायत बिल्हा, कोटा, मल्हार में 11 फरवरी को मतदान हुए थे। नगर निगम में महापौर तथा पार्षद के लिए चुनाव हुए हैं, जबकि बाकी नगरीय निकायों में निकाय अध्यक्ष व पार्षद के लिए वोटिंग हुई है। इन सातों निकायों में कुल 506 प्रत्याशी चुनाव लड़े हैं, जिनका भाग्य मतदान के बाद ईवीएम में बंद है। यह ईवीएम स्ट्रांग रूम से शनिवार सुबह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों के उपस्थिति में खोला जाएगा। नगर निगम बिलासपुर की मतगणना गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी परिसर में होगी, जहां पर आज निर्वाचन अमला द्वारा मतगणना तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। नगरीय निकाय चुनाव में वैसे तो कई राजनीतिक दल के प्रत्याशी मैदान में थे, किन्तु प्रमुख मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच रहा है। कहीं-कहीं पर इनके अलावा भी अन्य दलों या निर्दलीय प्रत्याशी अपना जीत का खाता खोल सकते हैं और कुछ जगहों पर चौंकाने वाले भी नतीजे आ सकते हैं।


मतगणनास्थल प्रशिक्षण प्राप्त करते कर्मचारी।

### 10 राउंड की होगी गणना, सुबह 10 बजे से आने लगेंगे रुझान

नगर निगम चुनाव तहत महापौर और 70 वार्डों में पड़े वोटों की गिनती कुल 10 राउंड में होगी। मतगणना की सारी तैयारी निर्वाचन कार्यालय की ओर से पूरी कर ली गई है। मतगणना सुबह 9 बजे शुरू होगी और करीब एक घंटे बाद ही सुबह 10 बजे से नतीजे को लेकर रूझान आना शुरू हो जाएगा। सुबह 9 बजे सबसे पहले निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना शुरू होगी। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना के लिए अलग से व्यवस्था की गई है और दो टेबलों पर इनकी गिनती की जाएगी। ईवीएम मशीनों में पड़े वोटों की गिनती के लिए 76 टेबल लगाए गए हैं। मतगणना के लिए आज मतगणना दलों को मतगणना स्थल पर ही अंतिम प्रशिक्षण दिया गया है।

### कहां-कहां कितने प्रत्याशी

नगर पालिक निगम बिलासपुर में 70 वार्डों के लिए 223 पार्षद के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि महापौर पद के लिए 8 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें प्रमुख रूप से मुकाबला भाजपा प्रत्याशी एल पद्मजा पूजा विधानी एवं कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद नायक के बीच है। इसी तरह नगर पालिका परिषद तखतपुर के 15 वार्डों में पार्षद के लिए 40 प्रत्याशी और अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला हुआ। नगर पालिक परिषद रतनपुर के 15 वार्डों में पार्षद के लिए 47 प्रत्याशी एवं अध्यक्ष पद के लिए 10 प्रत्याशी हैं। नगर पालिक परिषद बोदरी में भी 15 वार्डों में पार्षद के लिए 43 प्रत्याशी तथा अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशियों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रहा। नगर पंचायत बिल्हा के 15 वार्डों में 38 पार्षद प्रत्याशी तथा अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला रहा। नगर पंचायत कोटा में 15 वार्डो के पार्षद के 37 प्रत्याशी एवं अध्यक्ष के 3 प्रत्याशियों के बीच संघर्ष हुआ। इसी प्रकार नगर पंचायत मल्हार में 15 वार्डों में पार्षद के 44 प्रत्याशियों एवं अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है।

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

मतगणना स्थल पर केवल पासधारी व्यक्ति ही परिसर पर पहुंच पाएंगे। कई लेयर की जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा बलों द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा की जाएगी, इसलिए प्रत्याशियों के गणना एजेंटों को पास जारी किए गए हैं और जिनके नाम पर पास बना है उन्हें भीतर प्रवेश की अनुमति रहेगी।

### मोबाइल, आईपेड व लैपटाप प्रतिबंधित

मतगणना स्थल में अभिकर्ता एवं अन्य कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटाप, स्मार्ट वॉच सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जा सकते हैं। नगर निगम बिलासपुर के महापौर और पार्षद मतों की गणना कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में होगी। इसके अलावा अन्य नगरीय निकायों की मतगणना स्थानीय स्तर पर चयनित गणना स्थलों पर की जाएगी। इनमें नगर पालिका परिषद तखतपुर के लिए सांस्कृतिक भवन रामनगर, नगर पालिका परिषद रतनपुर के लिए शहीद नूतन सोनी उच्चतर माध्यमिक शाला, नगर पालिका परिषद बोदरी के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला, नगर पंचायत बिल्हा के लिए सांस्कृतिक भवन महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 5 एवं नगर पंचायत कोटा के लिए सांस्कृतिक भवन डीकेपी स्कूल और नगर पंचायत मल्हार के लिए नवोदय विद्यालय मल्हार में मतगणना होगी।

### निकाय चुनाव में 54.41 फीसदी हुआ था मतदान

नगरीय निकाय आम चुनाव में जिले के सात नगरीय निकायों में कुल 54.41 प्रतिशत वोट पड़े हैं। नगर पालिक निगम बिलासपुर में 51.37 फीसदी वोटिंग हुई है। नगरीय निकाय चुनाव में जिले के 3 लाख 25 हजार 942 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें 1 लाख 64 हजार 879 पुरुष और 1 लाख 61 हजार 48 महिलाएं व 15 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। नगर निगम में महापौर व पार्षद के लिए वोट पड़े, जबकि अन्य नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद एवं पार्षद के लिए संबंधित निकायों के मतदाताओं द्वारा मतदान किए गए। जिले के सातों नगरीय निकायों में कुल 5 लाख 99 हजार 71 मतदाता थे। इसी तरह नगर निगम में कुल 5 लाख 86 हजार 58 मतदाताओं में से 2 लाख 61 हजार 314 मतदाताओं ने वोटिंग की है। इसमें भी 1 लाख 32 हजार 406 पुरूष व 1 लाख 28 हजार 893 महिला मतदाता शामिल हैं।

## मरीजों के अस्पताल पहुंचने में देरी, यातायात का संचालन प्रभावित हो रहा

# अपोलो अस्पताल पहुंच मार्ग पर कब्जा, निगम ने हाईकोर्ट में कहा- वर्कआर्डर हो चुका, जल्द शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो अस्पताल पहुंच मार्ग की दुर्दशा को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है और नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यह सब करने के लिए किसने रोका था। नोटिस का जवाब शपथपत्र पर देते हुए निगम आयुक्त ने कोर्ट को बताया कि सड़क चौड़ीकरण और निर्माण के लिए 80 लाख रुपए का टेंडर और वर्कआर्डर कर दिया गया है। जल्द ही कब्जा हटाते हुए काम शुरू किया जाएगा। कोर्ट ने एक सप्ताह में काम शुरू करने की रिपोर्ट मांगी है। ज्ञात हो कि अपोलो अस्पताल पहुंच मार्ग में सड़कें पर्याप्त चौड़ी नही होने से यातायात का संचालन प्रभावित होता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है, इसी पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने स्वतः संज्ञान लिया है।

जनहित याचिका की सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने कहा था। कोर्ट ने कहा कि अस्पताल की ओर जाने वाली सड़कें दयनीय स्थिति में हैं। सड़क इतनी संकरी है कि वाहनों का आसानी से चलना बहुत मुश्किल है और सड़क पर गड्ढे हैं। इसके अलावा, सड़कों के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण है और अवैध अतिक्रमण पर बनी दुकानों पर आने वाले वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है।

कोर्ट के मुताबिक अपोलो अस्पताल एक ऐसा स्थान है जहां जाने वाले अधिकांश लोग किसी न किसी आपातकालीन स्थिति का सामना कर रहे होते हैं। ऐसे में सड़कें पर्याप्त चौड़ी होनी चाहिए और यातायात का संचालन इस तरह से होना चाहिए कि मरीज कम से कम समय में अस्पताल पहुंच सकें।


अपोलो, सिम्स और जिला अस्पताल पहुंचने के रास्ते संकरे हुए
जाम से जूझते शहर में सबसे अधिक परेशानी मरीजों को, बड़े अस्पताल पहुंचने वाले रास्ते कब्जे की भेंट चढ़े

हरिभूमि में 13 फरवरी को प्रकाशित खबर।


### राज्य सरकार ने निगम को राशि कर दी है आबंटित

ध्यान रहे कि नगर निगम के अधिकारियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसके अलावा अस्पताल के पास स्थित सब्जी मंडी के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है। पार्किंग स्थल की कमी के कारण आने-जाने वाले वाहनों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है, जिससे आपातकालीन सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने जब महाधिवक्ता और नगर निगम के वकील से सवाल किया तो महाधिवक्ता प्रफुल्ल भरत ने बताया कि राज्य सरकार ने नगर निगम को अपोलो चौक से मानसी लाज तक सड़क चौड़ीकरण और बिजली के खंभे तथा एलटी लाइन स्थानांतरित करने के लिए पहले ही धनराशि आवंटित कर दी है। नगर निगम के वकील कछवाहा ने यह जानकारी दी कि जुलाई 2024 में सड़क चौड़ीकरण और खंभों के स्थानांतरण के लिए कार्य आदेश जारी किया गया था। इसके साथ ही, अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों द्वारा सीमांकन भी किया जा चुका है।

### जनहित के काम आचार संहिता में कैसे बाधित हो सकते हैं

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि आम जनता के हित में होने वाले सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने जैसे कार्य आदर्श आचार संहिता के लागू होने से कैसे बाधित हो सकते हैं, जबकि कार्य आदेश पहले ही जारी किए जा चुके थे। यदि अधिकारी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर इतने सतर्क थे, तो उन्हें चुनाव आयुक्त से अनुमति मांगकर स्वीकृत कार्यों को पूरा करने का कदम उठाना चाहिए था। कोर्ट ने पूछा है कि कार्य आदेश जारी होने के बावजूद अब तक अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया गया और सड़क चौड़ीकरण का कार्य क्यों शुरू नहीं हुआ। आदर्श आचार संहिता जो 26 फरवरी 2025 को समाप्त हो रही है, उसके प्रभाव में होने के बावजूद कोई कार्रवाई न किए जाने पर भी कोर्ट ने सवाल उठाए हैं।

# वेलेंटाइन-डे के पहले ट्रेन से कटकर युवक-युवती की मौत


दाधापारा स्टेशन में पड़ा युवक-युवती का क्षत-विक्षत शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वेलेंटाइन डे के एक दिन पहले दाधापारा रेलवे स्टेशन यार्ड में मालगाड़ी से कटकर युवक और युवती की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की है। प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

जीआरपी को गुरुवार को सूचना मिली कि दाधापारा रेलवे स्टेशन के यार्ड में युवक और युवती की क्षतविक्षत हालत में लाश रेलवे लाइन पर पड़ी हुई है। सूचना पर जीआरपी स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर देखा तो युवती का सिर शरीर से अलग हो गया था, वहीं युवक के सिर, हाथ और पैर भी कट गए थे। इस दौरान मौके एक मोबाइल भी पड़ा मिला। जीआरपी ने दोनों का शव पोस्टमार्टम में भेज अज्ञात के नाम से मर्ग कायम कर लिया और परिजन की तलाश करना शुरु कर दिया। शाम को युवक और युवती के परिजन ने जीआरपी थाना पहुंचकर मृतकों की पहचान की। जीआरपी के मुताबिक मृत युवक सिरगिट्टी वार्ड नम्बर 10 निवासी सोमनाथ यादव पिता नेतराम यादव 23 साल और युवती तमन्ना पिता बबलू मानिकपुरी 19 साल की है। दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। युवक सिरगिट्टी के फिनाइल फैक्ट्री में काम करता था और युवती घर में रहती थी। दोनों के संबंध में जीआरपी को परिजन से पूछताछ में जानकारी मिली कि युवती शाम को पार्टी में जाने के लिए निकली थी, उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। युवक भी काम पर निकल गया था। जीआरपी ने दोनों के प्रेम प्रेसंग होने की संभावना व्यक्त की, लेकिन परिजन ने इस संबंध में किसी तरह की जानकारी होने से इंकार किया है। फिलहाल जीआरपी ने युवक और युवती का शव पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## स्टेट बार कौंसिल से चुनावी प्रक्रिया को लेकर शपथ पत्र पर जानकारी मांगी

# हाईकोर्ट ने कहा- समय पर जनरल इलेक्शन हो जाता है, आप बार कौंसिल का चुनाव नहीं करा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल का बीते छह साल से चुनाव नहीं हो पाया है। निर्वाचित पदाधिकारियों के ना होने से अधिवक्ताओं के वेलफेयर से लेकर जरुरी काम अटका पड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर पीआईएल के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। बार कौंसिल आफ इंडिया, स्टेट बार कौंसिल व राज्य शासन के जवाब से नाराज चीफ जस्टिस ने कहा, समय पर जनरल इलेक्शन हो जाता है और आप हैं कि स्टेट बार कौंसिल का चुनाव नहीं करा पा रहे हैं। ज्ञात हो कि बार कौंसिल का चुनाव छह साल से अटका पड़ा है। चुनाव होता है तो इसमें पंजीकृत प्रदेश के 35 हजार अधिवक्ताओं को मतदान का अवसर मिलेगा।



मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एक महीने के भीतर चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी करने कहा है। इसके साथ ही डिवीजन बेंच ने स्टेट बार कौंसिल से चुनावी प्रक्रिया को लेकर शपथ पत्र पर जानकारी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। इस पर बार कौंसिल की ओर से जब कहा गया कि रोडमैप तैयार कर रहे हैं तो चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें रोडमैप नहीं फैक्ट चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि इसके पहले कौंसिल का चुनाव कब हुआ था तब अधिवक्ताओं ने बताया कि पांच साल पहले हुआ था।

### सचिव चुनाव प्रक्रिया जल्द पूरी कराएं

अधिवक्ताओं ने बीते चुनाव में हुए विवाद को देखते हुए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की देखरेख में चुनाव कराने की मांग की। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि नियम क्या है, नियमों में क्या लिखा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि स्टेट बार कौंसिल के सचिव चुनाव प्रक्रिया पूरी कराते हैं। तब चीफ जस्टिस ने कहा सचिव चुनाव प्रक्रिया को पूरी कराएं। सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि मई से पहले कौंसिल का चुनाव हो जाए तब ठीक रहेगा। मई में समर वेकेशन लग जाएगा। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि चुनाव पहले हो जाए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि कौंसिल चुनाव के लिए कौंसिल के सचिव निर्वाचन अधिकारी होंगे। स्टेट बार कौंसिल को चुनावी तैयारी के संबंध में शपथ पत्र के साथ जानकारी देने का निर्देश दिया है। इसके लिए एक सप्ताह की मोहलत दी है।

### 6 साल से नहीं हो पा रहा कोई काम

ज्ञात हो कि बीते छह साल से अधिवक्ताओं के कल्याणकारी कार्य, अधिकारों की रक्षा, कानून सुधारों को बढ़ावा देना, सेमिनार का आयोजन जैसे काम नहीं हो पा रहा है। यह सब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के ना होने के कारण बाधित हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बार कौंसिल के कार्यशील ना होने के कारण छत्तीसगढ़ परिषद, अधिवक्ताओं का प्रवेश, एनरोलमेंट बनाए रखना, कदाचार का निर्धारण, पत्रिकाओं का प्रकाशन, कानूनी सहायता का आयोजन, चुनावों के लिए प्रदान की गई निधि का प्रबंधन, विश्वविद्यालयों का दौरा, कल्याणकारी योजनाओं का आयोजन, विधि पुस्तकालयों की स्थापना आदि कार्य बंद पड़ा हुआ है। इसका सीधा असर अधिवक्ताओं पर पड़ रहा है।

### सेवानिवृत्ति पूर्व वसूली आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

रायपुर के पुलिस विभाग के एक इंस्पेक्टर ने सेवानिवृत्ति से पहले जारी वेतन वसूली आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। लफोर्ट हाइट्स, भाटागांव निवासी एसके. क्षत्री, पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायपुर में इंस्पेक्टर (एम.) के पद पर कार्यरत थे। उनके सेवानिवृत्ति से डेढ़ माह पहले पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा एक वसूली आदेश जारी किया गया था। इस आदेश में उनसे वेतन कटौती के लिए सहमति मांगी गई थी। वसूली आदेश के तहत यह आरोप लगाया गया था कि सेवा के दौरान उनकी वेतनवृद्धि गलत तरीके से जुड़ गई थी, जिससे अधिक भुगतान हो गया था। इस आदेश से क्षुब्ध होकर एसके क्षत्री ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय और पीएस निकिता के माध्यम से बिलासपुर हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि किसी भी शासकीय कर्मचारी से सेवानिवृत्ति के एक वर्ष पूर्व या सेवानिवृत्ति के बाद अधिक भुगतान की किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती।

जन्मदिन उत्सव
आज अंतिम दिन
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब वसुंधरा ने संयुक्त रीजन जोन एवं बीओडी की ली बैठक



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने रीजन जोन एवं बीओडी मीटिंग रखी। जिसमें मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन चंदा बंसल रहीं। विशेष अतिथि नंदलाल पुरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोभा त्रिपाठी ने की। क्लब की मीटिंग में अध्यक्ष ने क्लब की आगामी सेवा गतिविधियों एवं नवीन कार्य प्रणाली के बारे में चर्चा की। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का सम्मान किया गया। चंदा बंसल ने 9 मार्च को होने वाली रीजन कांफ्रेंस की जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों को एलसीआइएफ में डोनेशन के लिए सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। नए सदस्यों को किट उषा मुदलियार, शारदा कश्यप, अंबुज पांडे एवं स्पॉन्सर किट रश्मि लता मिश्रा मंजू मिश्रा एवं अर्चना तिवारी को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अर्चना तिवारी ने किया। इसमें सुधा परिहार, मंजू तिवारी, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, रत्ना खरे, सलमा बेगम, मंगला कदम,मंजुला शिंदे, हंसा सेलारका विनीता मिश्रा, साधना दुबे, सुजाता मिश्रा, चांदनी सक्सेना, वायला सिंह ,प्रिया शर्मा, अणिमा मिश्रा ने सम्मानित सदस्यों को शुभकामनाएं दी। समापन पर रीजन एवं जोन चेयरपर्सन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

### तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा एवं लोक मंगल दिव्य दरबार कल से



**बिलासपुर।** श्री हनुमंत कथा एवं लोक मंगल दिव्य दरबार का आयोजन 16 फरवरी से लखीराम आडिटोरियम में प्रारंभ होने जा रहा है। इसमें सतना ग्राम सगमा के पं.आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री महाराज अपनी मधुर वाणी से श्री हनुमंत कथा से से भक्तों का मार्गदर्शन करेंगे। आयोजन समिति द्वारा कथा प्रारंभ होने से पूर्व 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से श्री हनुमंत कथा प्रारंभ होगा। दिव्य दरबार 17 एवं 18 फरवरी को एवं श्री हनुमंत कथा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। कथा समाप्ति के पश्चात भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर भक्तिरस का पान करने का अनुरोध किया है।

### पतित पावन सिर्फ एक परमात्मा ही है यथार्थ याद से ही पाप कटेंगेः ईश्वरी



**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में पॉजिटिव थिंकिंग की क्लास चल रही है। इसमें बीके ईश्वरी ने साधकों से कहा कि पतित पावन सिर्फ एक निराकार परमात्मा शिव है, जिनको यथार्थ रीति पहचान कर सही विधि से याद करने से ही विकर्म विनाश होते हैं। उन्होंने बताया कि राजयोग परमात्मा द्वारा सिखाई गई विधि है जिसके अभ्यास से जन्म जन्मान्तर के पाप भस्म होते हैं। सदैव हर्षित रहने के लिए यह अवधारणा पक्का हो कि जो हुआ अच्छा हुआ, जो हो रहा है अच्छा और जो होगा वह बहुत अच्छा होगा। हर घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना उचित होगा।

### श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में तुलसी वर्षा और हवन आज



**बिलासपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में तुलसी वर्षा और हवन आजबिलासपुर। ग्राम महमंद में 7 फरवरी से आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में 15 फरवरी को तुलसी वर्षा और हवन, सहस्त्रधारा एवं आशीर्वाद का कार्यक्रम होगा। इससे पहले आचार्य नीरज तिवारी तिल्दा नेवरा वाले द्वारा अपनी मधुर वाणी से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में श्रद्धालुओं को भक्ति रस का पान कराया। भगवान की विविध लीलाओं से भक्तों का मार्गदर्श करते हुए ईश्वर भक्ति को ही मुक्ति का मार्ग बताया।

### एससी एसटी रेल कर्मचारी के साथ बैठक की डीआरएम ने

**बिलासपुर।** बुधवार को मंडल सभागार में मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय आल इंडिया एससी एसटी रेल कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ अनौपचारिक बैठक हुई। इसमें संगठन के पदाधिकारी सहित शाखा अधिकारी उपस्थित थे। संगठन के पदाधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक से रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित अनेक मुद्दों पर चर्चा की। शाखा अधिकारियों ने आल इंडिया एससी एसटी रेल कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कल्याण से संबंधित उठाए गए मुद्दों पर विभागवार जानकारी दी। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने हर संभव प्रयास किया जाएगा।

**गलती पर दो साल की सजा** जिले में परीक्षा के लिए बनाए गए 13 सेंटर, 7400 स्टूडेंट होंगे शामिल

# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा आज से, हर कमरे में लगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से शुरू हो रही हैं। जिले में इसके लिए 13 सेंटर बनाए गए हैं जिसमें करीब 7400 छात्र बैठेंगे। इसमें 4200 छात्र दसवीं के तो 3200 छात्र 12 वीं के है।

■ छात्रों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा

सीबीएसई के मुताबिक 10 वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 18 मार्च तक तो 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा। खास बात है कि छात्रों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया जाएगा। सुबह 10:00 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।



इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले मधुमेह टाइप-1 से पीड़ित छात्रों को परीक्षा के दौरान चिकित्सीय दृष्टि से खान-पान का सामान ले जाने की छूट दी गई है। यह छात्र शुगर की टेबलेट, चाकलेट, कैंडी, केला, सेब, संतरा जैसे फल, सैंडविच जैसे स्नैक आइटम व 500 मिलीलीटर पानी की बोतल पारदर्शी पाउच व बाक्स में ले जा सकेंगे। इसके साथ ही उच्च प्रोटीन आहार, चिकित्सकों की प्रीक्रिप्शन के अनुसार दवा, ग्लूकोमीटर, ग्लूकोज टेस्टिंग स्ट्रिप्स, सीजीएम मशीन, एफजीएम मशीन व इंसुलिन पंप ले जाने की अनुमति होगी। इन सुविधाओं का लाभ उठाने से पहले संबंधित छात्रों को दस्तावेजों के साथ संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा।

#### इन बातों का रखना होगा ख्याल

- रेगुलर छात्र अपने स्कूल की निर्धारित यूनिफॉर्म में परीक्षा देने आएंगे। वही प्राइवेट छात्र – हल्के या उजले रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल होंगे।
- बिना एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा, रेगुलर छात्रों को अपने स्कूल का आईकार्ड और प्राइवेट छात्रों को कोई भी सरकारी फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा।
- पारदर्शी पाउच में पेंसिल, नीला/रॉयल नीला स्याही, स्केल, इरेज़र, राइटिंग पैड के साथ एनालाग खड़ी ले जाने की अनुमति होगी।
- यदि कोई छात्र उत्तरपुस्तिका में गाली-गलौच, धमकी भरा संदेश लिखता है या उसमें करेंसी रखता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### परीक्षा केंद्र में अनुशासन और सख्त निगरानी

केपीएस स्कूल के वाइस प्रिंसिपल रमन मिश्रा के मुताबिक परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और हर केंद्र पर सहायक अधीक्षक उनकी निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करना सख्त वर्जित है। इसके साथ ही कोई भी लिखित या मुद्रित सामग्री (पुस्तक, नोट्स, पेपर), मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, इलेक्ट्रॉनिक पेन, कैलकुलेटर वॉलेट, हैंडबैग, पाउच, गॉगल्स ले जाने पर प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि सीबीएसई ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी छात्र सोशल मीडिया पर परीक्षा से संबंधित गलत सूचना या अफवाह फैलाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ऐसे छात्रों को न केवल वर्तमान वर्ष बल्कि अगले वर्ष की परीक्षा से भी प्रतिबंधित किया जा सकता है।

एजुकेशन प्लस

## चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को नैक से मिली मान्यता



**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज को अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक से बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह मान्यता आगामी 5 वर्षों के लिए वैध होगी। इससे पहले, कॉलेज की सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच ने पहले ही प्रयास में नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन मान्यता हासिल की है।

महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि नैक की तीन सदस्यीय टीम ने 9 और 10 जनवरी को महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया था। टीम ने न सिर्फ शोध कार्य बल्कि शैक्षणिक गुणवत्ता, प्लेसमेंट सेल, कैंटीन, हॉस्टल की जांच की। महाविद्यालय के रखरखाव व सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आंकलन किया। प्रबंधन के अनुसार यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय समुदाय की कड़ी मेहनत को दर्शाती है। उन्होंने कहा यह मान्यता चौकसे परिवार के समर्पण, जुनून और उत्कृष्टता को दर्शाती है, जो लगातार उच्च मानकों के लिए प्रयास करते हैं। प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने बताया कि महाविद्यालय को बी डबल प्लस ग्रेड मिलने से उसका एकेडमिक स्टेटस बदल गया है। अब केंद्र व राज्य सरकार से और अधिक अनुदान मिल सकेगा। शिक्षकों के हाथ में बड़े प्रोजेक्ट आएंगे। प्लेसमेंट के लिए बड़ी कंपनियां आएंगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महाविद्यालय देश व विदेश में शामिल समकक्ष विश्वविद्यालयों के साथ अनुबंध कर सकेगा। छात्र-छात्राओं का बड़े स्तर के ग्रेड के विश्वविद्यालयों से शैक्षिक आदान-प्रदान बढ़ेगा। शोध का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्यों, सहयोगी कर्मचारियों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा आभार मेहनती और अच्छी तरह से प्रशिक्षित संकाय और सहायक कर्मचारियों को जाता है, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

## छात्राओं में हो रहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नवीन शोध दृष्टि का विकास



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में 14 फरवरी को हिन्दी विभाग में बीए पांचवें सेमेस्टर की परियोजना कार्य की मौखिकी परीक्षा एवं आमंत्रित व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बाह्य परीक्षक एवं आमंत्रित वक्ता शास. पं. माधव राव सप्रे महाविद्यालय पेंड्रारोड के प्राचार्य डॉ. डीएस ठाकुर थे। उनका डॉ. हरिणी रानी आगर, डॉ. कावेरी दाभड़कर, डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे ने सम्मान किया। इस अवसर पर वक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि निबंध लिखने की कला का अभ्यास करके अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय विविध प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही हिन्दी और छत्तीसगढ़ी के व्याकरण का ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा में सफलता दिला सकता है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार से छात्राओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नवीन शोध दृष्टि का विकास हो रहा है। यह प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिणी रानी आगर ने किया। डॉ . कावेरी दाभड़कर ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन डॉ. कल्याणी जैन ने किया। इस अवसर पर डॉ. मिनाक्षी पाण्डेय, डॉ. अवनीश सिंह, सुश्री अलका शुक्ला और समस्त छात्राएं मौजूद थीं।

### 8.09 करोड़ में हो रहा बाराद्वार स्टेशन अपग्रेड

**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना में स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर डिवीजन के 16 स्टेशन को शामिल किया गया है। इसमें बाराद्वार रेलवे स्टेशन का 8.09 करोड़ रुपए की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 3120 का सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया दोपहिया और चार पहिया गाड़ियों के लिए, 960 वर्गमीटर एरिया गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण तथा कला संस्कृति की चित्रकारी से स्टेशन को आकर्षक बनाया जा रहा है। यात्रियों के सुलभ आवागमन सुनिश्चित करने 1315 वर्गमीटर पर रोड सरफेसिंग का कार्य तीव्र गति से करने के साथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 1 हाईमास्ट लाइट तथा 34 नग अतिरिक्त लाइट लगाए जाएंगे।

## स्वामी शिवानंद ने परिकरों सहित किया अमृत स्नान



**बिलासपुर।** श्री सिद्ध बाबा अद्वैत परमहंस आश्रम बेलगहना के स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि प्रयागराज में योगी सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था सराहनीय है। जिसके चलते करोड़ों की संख्या में सनातन प्रेमी गंगा में डुबकी लगा सके ।

बसंत पंचमी के अमृत स्नान में अपने परिकरों सहित शामिल होने के बाद वापसी पर आश्रम में चर्चा करते हुए स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि यह ध्यान में रखना चाहिए कि महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा आयोजन है। जितनी संख्या में लोग वहां पर एक दिन में डुबकी लगा रहे हैं, विश्व के कई देशों की कुल जनसंख्या भी उससे कम है। इतने बड़े आयोजन की व्यवस्था एक चुनौती है। जिसमें योगी सरकार की सफलता प्रशंसनीय ह। इसी का परिणाम है कि सनातन प्रेमी पूरे आस्था के साथ महाकुंभ के दौरान गंगा में डुबकी लगा सके । प्रयागराज प्रवास के दौरान महराज श्री ने जगदगुरू राम भद्राचार्य, कथा वाचक चिन्मयानंद बापू सहित संत जनों से भेंटवार्ता की । बनारस में उन्होंने काशी विश्वनाथ के दर्शन के साथ ही परमहंस आश्रम, संतमन अनुयायी मठ गढ़वाघाट जाकर आशीर्वाद लिया । बेलगहना वापसी पर आश्रम में साधक शिष्यों ने उनका सत्कार किया । ज्ञात हो कि स्वामी शिवानंद महराज को इस यात्रा के लिए उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा प्रोटोकाल उपलब्ध कराया गया था ।

## तीन स्टेशनों में ओपन किए जाएंगे फूड प्लाजा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियो को बेहतर खानपान की सुविधा देने के लिए डिवीजन के चार प्रमुख स्टेशन उसलापुर, ब्रजराजनगर, अंबिकापुर और उमरिया में फूड प्लाजा यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए आईआरसीटीसी की ओर से जल्द ही आनलाइन निविदा जारी किया जाएगा।

उसलापुर सहित चार स्टेशनों में फास्ट फूड यूनिट के माध्यम से यात्रियों को स्टेशन पर ही गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ खानपान की सुविधा मिलेगी। इसके अंतर्गत उसलापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 में फूड प्लाजा और प्लेटफार्म नम्बर 2-3 में फास्ट फूड यूनिट, ब्रजराजनगर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2-3 में फास्ट फूड यूनिट, अंबिकापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर फास्ट फूड यूनिट एवं उमरिया स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक में फास्ट फूड यूनिट स्थापित किए जाएंगे। रेल प्रशासन की ओर से इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसमें आईआरसीटीसी अतिशीघ्र आनलाइन निविदा जारी करेगी। फूड प्लाजा और फास्ट फूड यूनिट्स में यात्रियों के लिए विविध प्रकार के खाद्य पदार्थ स्नैक्स, मुख्य भारतीय व्यंजन, पेय पदार्थ और हेल्दी फूड के विकल्प उपलब्ध रहेंगे। इसका उद्देश्य यात्रियों को सफर के दौरान स्वादिष्ट व स्वास्थ्य वर्धक भोजन प्रदान करना है, जिससे उनका सफर और भी आरामदायक व आनंददायक हो सके। इसके साथ ही यात्रियों को निर्धारित मूल्यों पर खानपान का बेहतर विकल्प भी मिलेगा।

### सोलर प्लांट से रौशन हो रहे हैं जोन के स्टेशन

**बिलासपुर।** सौर ऊर्जा से रेलवे प्रतिमाह करोड़ों रुपए के बिजली बिल की बचत कर रहा है। इसके लिए तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में रेलवे ने 5 हजार 451 किलोवाट का सोलर प्लांट की स्थापना की है, जिससे रेलवे की बिल्डिंग और स्टेशनों को रौशन किया जा रहा है। स्टेशन के अलावा रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ट्रेन का परिचालन करने के लिए प्रतिदिन लाखों यूनिट की बिजली खर्च होती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चार प्रदेश छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा से होकर चलने वाली ट्रेनों और स्टेशनो में लगी बिजली के लिए प्रतिमाह करोड़ों रुपए का भुगतान बिजली विभाग को करती है। वर्तमान परिदृश्य में ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया में पर्यावरण को भी काफी नुकसान हो रहा है। रेलवे जैसे वृहद संगठन में भी ऊर्जा संरक्षण एवं गैर परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोंतों का अधिकाधिक उपयोग जरूरी हो गया है।

### डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र देगा सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 3.0 शुरु करने घोषणा की है, जिसका उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। परंपरागत रूप से पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए प्रति नंवबर में व्यक्तिगत रूप से बैंक का चक्कर लगाना पड़ता था। यह नया अभियान आनलाइन जमा करने का वकिल्प देता है, जिससे समय और मेहनत की बचत होगी। इस डिजिटल पहल से सभी पेंशनभोगियों विशेष रूप से वरिष्ठ पेंशनभोगियों को भौतिक जमा करने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और समय कुशल विकल्प प्रदान करके लाभ होने की उम्मीद है। पेंशनभोगी कर्मचारी या पारिवारिक पेंशनभोगी को इसका पालन करने के लिए गुगल प्ले स्टोर से यूआईडीएआई द्वारा आधारफेस आरडी एप्लीकेशन डाउनलोड करना होगा।

**एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन**

# बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे दर्जनों पैथोलैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिले में संचालित बगैर लाइसेंस एवं अनुमति लैब कलेक्शन सेंटर और डिजिटल सिग्नेचर के विरोध में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने सीएमएचओ डा. प्रमोद तिवारी को ज्ञापन सौंपा है।

जिसमें उन्होंने बताया कि जिले में संचालित बगैर लाइसेंस एवं अनुमति लैब कलेक्शन सेंटर और डिजिटल सिग्नेचर का उपयोग कर जारी की जा रही जांच रिपोर्ट की गंभीर समस्या से सीएमएचओ को अवगत कराया जा चुका था। जिसके बाद आनन फानन में कुछ लाइसेंस जारी हुए। इसके अलावा डिजिटल सिग्नेचर के उपयोग पर रोक लगाने और फिजिकल सिंगेचर का उपयोग करने का आदेश जारी किया गया था। फिर भी आला अधिकारी के आदेश को दरकिनार करके आज भी शहर में दर्जनों पैथोलैब संचालित हो रहे हैं। जिन्हें स्वास्थ्य विभाग से लाइसेंस नहीं मिला है। कई कलेक्शन सेंटरों और लैब में पैथोलॉजिस्ट ही नहीं हैं। ऐसे में मरीजों के सैंपलों की जांच के बाद उन्हें कंप्यूटर से डिजिटल सिग्नेचर वाली रिपोर्ट थमाई जा रही है।

#### शिकायत मिली है, कार्रवाई होगी

शहर के कुछ लैब और कलेक्शन सेंटर आदेश के बाद भी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे कुछ लैब की डिजिटल सिग्नेचर के साथ रिपोर्ट देने की शिकायत मिली है। सभी पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिले के अन्य लैब में भी टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

**- डॉ. प्रमोद तिवारी,** सीएमएचओ बिलासपुर।

#### सीएमएचओ ने दी थी चेतावनी

चेतावनी महीने भर पहले ही सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने एक आदेश निकालकर चेतावनी दी थी कि जिले के सभी कलेक्शन सेंटर और पैथोलैब में दी जाने वाली रिपोर्ट में डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग न करें। यदि ऐसा करते पाया गया तो उनका लाइसेंस तक निरस्त करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी शहर के कई लैब व कलेक्शन सेंटरों के संचालक सीएमएचओ के आदेश की अनदेखी करते हुए आज भी डिजिटल सिग्नेचर वाली लैब रिपोर्ट मरीजों को थमा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

#### लैब में पैथोलॉजिस्ट नहीं

जिले के कई लैब और कलेक्शन सेंटर में पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति गंभीर चिंता का विषय है। ये सेंटर रायपुर, दिल्ली या मुंबई की लैब कंपनियों की फ्रेंचाइजी लेकर संचालित हो रहे हैं, जहां बिना विशेषज्ञता के जांच की जा रही है। सैंपल कलेक्ट कर खुद ही परीक्षण कर कंप्यूटर से रिपोर्ट जारी की जा रही है।

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

आप चले गये हैं दूर, नहीं होता एहसास, आपकी यादें रहेंगी हमेशा साथ
एहसास ना होगा कभी धुंधला, मिलता रहेगा हमको आपका आशीर्वाद



जन्म 24.10.1944

मृत्यु 03.02.2025

डॉ. विजय गुप्ता

लोकतंत्र सेनानी

सुपुत्र-स्व. ओंकार प्रसाद गुप्ता-स्व. रामबाई गुप्ता

श्रद्धा सुमन अर्पित करते है...

: शोकाकुल :

श्रीमती स्नेहलता गुप्ता (धर्मपत्नी) डॉ. विनय-डॉ. अंजलि, विकास-श्रीमती वीणा (भ्राता), श्रीमती स्वराज, सरोज-धर्मपाल, सविता-महेश, शोभा-विजयशंकर (बहन जीजा) श्रीमती जया, अमित, सुमित, जयश्री परमेश्वर (पुत्री-पुत्र) डॉ. वर्षा- चंद्रशेखर, वर्तिका (ई)- सिद्धांत (ई), डॉ. अदिति -डॉ. अंकुर, डॉ. अनिरुद्ध - डॉ. दीपा, अंकिता (सीए) अपूर्व (ई) (भतीजा, भतीजी), अक्षत (ई.), डॉ. आस्था, अनंत, अनुकर्ष, अथर्व, अनय, अनविषा, अनिका (पौत्र-पौत्री) एवं समस्त भवानी साव परिवार, मुंगेली

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## ग्रामीण डाक सेवक के 21 हजार से अधिक पदों पर भर्ती शुरू

**बिलासपुर।** भारतीय डाक की ओर से ग्रामीण डाक सेवक के बंपर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए इंडिया पोस्ट की ओर से आवेदन प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू कर दी गई है। जो भी उम्मीदवारपात्रता रखते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से इंडिया पोस्ट की ऑफिशियल वेबसाइट indiapost.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इसके साथ ही आप इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके सीधे फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 3 मार्च 2025 तय की गया है। एप्लीकेशन फॉर्म भरते समय अगर अभ्यर्थी से गलती हो जाती है तो वे 6 मार्च से लेकर 8 मार्च 2025 तक फॉर्म में संशोधन कर पाएंगे।



### 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र

ग्रामीण डाक सेवक पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों का देश में की भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10**th**/ मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण किया हो। गणित एवं अंग्रेजी में अभ्यर्थी ने पासिंग मार्क्स अवश्य प्राप्त किये हों। इसके अलावा अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 40 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। इस भर्ती के माध्यम से देशभर में ग्रामीण डाक सेवक के 21,413 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। **BPM** पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 12,000 से 29,380 रुपये प्रतिमाह वहीं **ABPM/ Dak Sevak** पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 10,000 से 24,470 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा।

# युवाओं ने होटल व रेंस्तरां में पार्टी कर सेलीब्रेट किया वेलेंटाइन डे



वेलेंटाइन डे को शहर के युवाओं ने उत्साह से सेलीब्रेट किया, किसी ने आयोजित की गई पार्टीज में, तो किसी ने आउटिंग कर इस दिन को एंजॉय किया। वहीं शहर के मॉल्स, डिस्क, रेस्टोरेंट और होटल्स युवाओं से आबाद रहे। वहीं शहर के बाहर से आए आरजे व डीजे विशेष परफॉर्मेंस के साथ यूथ का एंटरटेन किया। कुछ युवाओं ने लॉन्ग ड्राइव कर वेलेंटाइन को एंजॉय किया।

### देर रात तक चला सेलिब्रेशन

वेलेंटाइन डे पर शहर के तमाम पब व रेस्टोरेंट में इस दिन का बिग सेलिब्रेशन चला जिसमें बाहर से आए डीजे परफॉमर ने पार्टी को खास बना दिया। वहीं कई युवाओं ने कैफे में प्री टेबल बुक कर वेलेंटाइन डे मनाया। देर रात तक म्युजिक की धुन में युवक-युवती थिरकते रहे।

### किंडर जॉय व फूलों के बुके बुक कर रहे लोग

गिफ्ट दुकानदार प्रतीक सैनी ने बताया कि वैलेंटाइन डे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है, प्री ऑडर्स की शुरुआत भी एक सप्ताह पहले हो जाती है। मौजूदा समय में लिली, एडीस्ट्रओमेरिया, ट्यूलिबस के साथ ही सनफ्लावर जैसी फूलों की डिमांड है, वैलेंटाइन डे के मौके पर चॉकलेट के बुके भी डिमांड में है। किंडर जॉय के बुके भी लोग पसंद कर रहे हैं।

### फूलों का बाजार दिनभर रहा गुलजार, देर रात तक चला सेलिब्रेशन



**बिलासपुर।** संध्या, मीरा, अविनाश और ज्योति ने बताया हमने पहले ही शहर से दूर ड्राइव के साथ वेलेंटाइन सेलिब्रेशन का प्लान कर लिया था। वेलेंटाइन डे को लेकर शुक्रवार को शहर में खूब चहल-पहल रही। इसे यादगार बनाने के लिए सभी ने पहले से तैयारियां कर रखी थीं। प्यार के दिन को मनाने के लिए उपहारों की खरीदारी के चलते बाजार में रौनक रही रोज डे के साथ यह लव वीक असरदार दिखा। साथी को मनाने के लिए चॉकलेट, हग डे, प्रॉमिस डे आदि करीब एक सप्ताह से मनाए जा रहे थे। नए जोड़े अपने साथी से मिलने के लिए बेताब दिख रहे थे युवाओं ने विशेष तैयारियां कर रखी थीं, धार्मिक प्रवृत्ति वाले युवा मंदिरों में दर्शन करने गए थे। हर कोई इस दिन को यादगार बनाने में लगा हुआ था।



### पार्कों में युवाओं की भीड़ उमड़ी

वैलेंटाइन डे पर शहर के कई पार्कों में युवाओं की भीड़ उमड़ी, पार्क में प्रेमी जोड़े देखे गए। सुबह से ही युवाओं के हाथों में लाल गुलाब दिखाई दे रहे थे। लाल गुलाब प्यार का प्रतीक माना जाता है, युवाओं ने पार्क में जश्न मनाया और एक-दूसरे के साथ समय बिताया। कई युवक-युवतिया समूह में भी आए थे।

एजुकेशन अपडेट

## जेईई मेन सेशन-2 के लिए आवेदन 25 तक, अप्रैल में होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा मेन सत्र-2 के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनटीए ने जेईई मेन सत्र-2 के लिए ऑनलाइन आवेदन विंडो खोल दी है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 25 फरवरी, तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि रात 9 बजे निर्धारित की गई है, जबकि शुल्क भुगतान की सुविधा उसी दिन रात 11:50 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इससे पहले आवेदन विंडो 31 जनवरी को खुलने वाली थी और 24 फरवरी को बंद होनी थी। परीक्षा संभावित रूप से 1 से 8 अप्रैल के बीच होने वाली है, विस्तृत पेपर और शिफ्ट-वार शेड्यूल बाद में घोषित किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने पहले ही जेईई मेन सत्र-1 के लिए आवेदन कर दिया है, वे अपने खाते में लॉग इन कर सकते हैं, आवेदन पत्र भर सकते हैं और दूसरे सत्र के लिए परीक्षा शुल्क का भुगतान कर




सकते हैं। नए उम्मीदवारों, यानी जो इस साल पहली बार जेईई मेन (सत्र 2 में) के लिए उपस्थित होंगे, उन्हें पहले पंजीकरण करना होगा, फिर अपने आवेदन पत्र भरने होंगे और परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा। सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। अब होमपेज पर जेईई (मुख्य) सत्र -2 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र लिंक पर क्लिक करें। जेईई मेन सत्र 2 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें। अब अपना आवेदन संख्या और जन्मतिथि,पासवर्ड का उपयोग करके लॉग इन करें। आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और आवेदन शुल्क का भुगतान करें।अंत में फॉर्म जमा करें और आगे की आवश्यकता लिए आवेदन पत्र की एक कॉपी ले लें।

# सलाद सजावट, रंगोली, फेस पेंटिंग मिट्टी के बर्तन सजावट की स्पर्धा

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज छात्रों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। पहले दिन को 'कलाभूमि' नाम दिया गया, जिसमें कई रोचक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इस आयोजन की शुरुआत 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता से हुई, जिसके बाद 'सलाद सजावट', 'रंगोली', 'फेस पेंटिंग', 'मिट्टी के बर्तन सजावट', और 'टी-शर्ट पेंटिंग' प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं।



**बिलासपुर।** दिन का समापन “मेहंदी” और “पोस्टर मेकिंग” प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए एक अलग आयोजन समिति गठित की गई थी, जिसमें डॉ. श्वेता श्रीवास, कृतिका साहू, सिद्धांत शर्मा, श्रिष्टि शर्मा, मंसी पंडित, योगेश पटेल, जी.आर. सलाम, सौरभ साहू और राजेश राज शामिल थे। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए एक निर्णायक मंडल नियुक्त किया गया, जिसमें डॉ. राजकुमार सचदेव, डॉ. संजय धनवानी, प्रो. एल.के. गवेल, प्रो. प्रकाश त्रिपाठी, ज्योति यादव, डॉ. अविनाश ठाकुर,डॉ. श्वेता श्रीवास, कृतिका साहू, मंसी पंडित, श्रिष्टि शर्मा, सिद्धांत शर्मा और योगेश पटेल सम्मिलित थे। आयोजन सचिव प्रो. ऋचा गुप्ता और संयोजक डॉ. प्रेमलता वर्मा थीं। सभी कार्यक्रमों का संचालन प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्तव की उपस्थिति और मार्गदर्शन में किया गया। वार्षिक आयोजन तीन दिन चलेगा जिसमे क्रीड़ा ,संस्कृति एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## टेसू, गुलाब-गेंदे के फूलों से महिलाएं बना रहीं हर्बल गुलाल

**बिलासपुर।** रंगों के महापर्व होली को खास बनाने के लिए इस बार भी अलग-अलग स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलों की खुशबू और उसके रंगों का उपयोग करके लोगों के लिए हर्बल गुलाल बनाने लगी हैं। जरवाय स्थित गौठान में इस बार भी हर्बल गुलाल बनने लगा है। टेसू, गेंदा-गुलाब के फूलों का एहसास रंगोत्सव में कराने के लिए महिलाएं इनसे हर्बल गुलाल बना रही हैं। लोगों को उत्सव में रंगों के साथ ही फूलों की सुगंध बिखेरने की तैयारी महिलाओं ने की है। इसके लिए महिला स्वसहायता समूह की धनेश्वरी रात्रे ने बताया कि तीन साल पहले हमने खुद प्रयोग के तौर पर हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया था। इस बार भी संबलपुर से हर्बल गुलाल आपूर्ति के लिए संपर्क किया

### इस बार भी बनाएंगे हर्बल गुलाल

हर्बल गुलाल बनाने के लिए इस बार जगह नहीं है। इसके चलते अब कान्हा महिला स्वसहायता समूह की सीमा सिंह ने बताया कि इसके लिए 15 मेंबर्स ने सहमति बनाई है। इस तरह की स्थिति इसलिए बन रही है, क्योंकि इससे हम वहां खुद का पैसा खर्च करके भी गोबर खरीदी सहित इससे जुड़े प्रोडक्ट का निर्माण नहीं कर पाते हैं। हर्बल गुलाल बनाने के लिए जरूरी मटेरियल अभी समूह की महिलाएं अपने स्तर पर बना रही हैं। वहां गुलाल तैयार किया जाएगा।

### उत्सव में आस्था के फूलों का रंग

हर्बल गुलाल बनाने के लिए महिलाएं आस-पास के मंदिरों में भगवान को चढ़ाए गए आस्था के फूलों को लेने के बाद उसके रंग ही नहीं, खुशबू को भी उत्सव का हिस्सा बनती है। इसकी मदद से तैयार किए गए हर्बल गुलाल की पूछ-परख संबलपुर, श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाए जाने उत्सव में होने से इसका क्रेज बना हुआ है। फूलों के व्यवसाय से जुड़े लोगों के पास पुराने हो चुके फूलों को भी उपयोग करते हैं। इसे सुखाने के बाद पाउडर तैयार करते हैं। गुलाल बनाने के साथ ही इसमें फूलों की खुशबू भी शामिल होती है।

आयोजन

## विप्र महाविद्यालय में पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि'



**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र महाविद्यालय में पुलवामा हमले की बर्षी पर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई, संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह घटना अचानक अज्ञात वाहनों के द्वारा टकरा गया, जिसमें भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें 44 जवानों की जान गई। सी.आर.पी.एफ. के इस काफिले में 60 से अधिक सैन्य वाहन और 2547 जवान शामिल थे। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित इस्लामिक आतंकवादी समूह जैसे मोहम्मद ने ली थी, जिससे पूरे देश में आक्रोश एवं शोक फैल गया था, तब से भारत शहीदों के बलिदान को याद करने और आतंकवाद की खतरे की निंदा करने के लिए 14 फरवरी को काला दिवस मनाता है। इस मौके पर डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. एम.एस. तम्बोली, डॉ. मनीष तिवारी, एन.एस.एस. आफिसर डॉ.किरण दुबे, प्रो. यूपेश कुमार मौजूद थे।

तीन दिवसीय खेल का आज होगा समापन

# क्रिकेट में एमबीए विभाग बालक बालिका वर्ग कबड्डी में विजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में तीन दिवसीय एलसीआईटी अभ्युदय एनुअल स्पोर्ट्स के दूसरे दिन वॉलीबाल, कबड्डी चेस, करम व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,ओमकार जायसवाल ने बताया की इंजीनिरिंग विभाग एंव एमबीए के छात्र के लिए टग ऑफ़ वार,कबड्डी व क्रिकेट और छात्राओं के लिए क्रिकेट व कबड्डी का आयोजन हुआ।

टग ऑफ़ वार के बालिका वर्ग की विजेता सीएस व उपविजेता एमबीए बालिका वर्ग विजेता बनी। सीएस व उपविजेता बी टेक प्रथम वर्ष रही, कबड्डी बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग विरुद्ध बी टेक प्रथम वर्ष के मध्य खेला गया, जिसमें 20-12के मुकाबले 8 अंकों से हराकर कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग विजेता रही। उपविजेता बी टेक बना बालिका वर्ग का फाइनल



मुकाबला इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल्स के मध्य खेला गया, जिसमें 25-18 के मुकाबले 7 अंकों से कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग विजेता एंव सिविल विभाग उपविजेता बनी। क्रिकेट बालक व बालिका वर्ग में एमबीए विभाग विजेता एंव बालक वर्ग में उपविजेता इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रिनिक्स बालिका वर्ग में बी टेक प्रथम वर्ष उजविजेता रही। उसी प्रकार फार्मेसी विभाग के छात्र व छात्राओं के लिए बास्केटबॉल, कैरम, चेस एंव वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेस का विजेता बालिका वर्ग में संजना साहू व उपविजेता कशिश चौरसिया बी फार्मेसी छठवा सेमेस्टर रही, वॉलीबाल का बालिका वर्ग में विजेता बी फार्मेसी तीसरा सेमेस्टर कालेज ऑफ़ फार्मेसी व उपविजेता डी फार्मेसी प्रथम वर्ष रहा। केरम बालिका वर्ग प्रथम प्रियंका साहू डी फार्मेसी कालेज ऑफ़ फार्मेसी व द्वितीय भावना वानी बी फार्मेसी सिक्स सेमसेस्टर स्कूल ऑफ़ फार्मेसी रही।

### जैन प्रीमीयर लीग में पहले दिन तीन मैच खेले गए

जैन सभा द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ जैन प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज प्रवीण जैन क्रिकेट ग्राउंड पेंड्रीडीह में जन्मदिवस पर हुआ। पहला मैच कोरबा सुपर किंग और सुयश सागर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें कोरबा सुपर किन्गस ने सुयश सागर इलेवन बलौदाबाजार को 7 विकेट से हराया। वही दूसरे मैच में अकलतरा सुपर जॉइंट को अरिहन्त इलेवन मुंगेली ने 7 रनो से हराया। तीसरा मैच सुयश सागर इलेवन ने महावीर टाइटन को 5 विकेट से हराया।



## राज्य स्तरीय कूड़ो रेफरी सेमिनार आज व कल



प्रथम 2 दिवसीय राज्यस्तरीय रेफरी सेमिनार का आयोजन जिला रायपुर कूड़ो संघ द्वारा 15 व 16 फरवरी को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मठपुरैना में आयोजित है। संघ के कमलेश राजपूत नें बताया की सेमिनार में 120 रेफरी शिरकत करेंगे, जिन्हें राष्ट्रीय कूड़ो के नियम, टेक्निक, खेल कौशल, एडवांस टेक्निक का दिया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला कूड़ो संघ रायपुर द्वारा भोजन व रुकने की व्यवस्था उत्तम व्यवस्था संघ द्वारा की गई है व निर्णायक परीक्षा उत्तरीन प्रशिक्षक़ो क़ो प्रमाण पत्र व सम्मान व पुरस्क्रीत किया जाएगा। संघ के सचिव कमलेश राजपूत नें कहा की जिले से 5 प्रशिक्षक भाग लेगे जो आगामी जिला राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अपनी सहभागिता निभाएंगे।



# वैलेंटाइन डे पर नीतू कपूर ने 6 लोगों पर बरसाया प्यार

**मुंबई।** एक्ट्रेस नीतू कपूर ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर अपने परिवार के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में उनके साथ बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी, दामाद भरत साहनी, नातिन समारा, बेटे रणबीर कपूर, बहू आलिया भट्ट और सबसे छोटी सदस्य राहा कपूर भी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ नीतू कपूर ने लिखा 'हैप्पी वेलेंटाइन डे'। गौरतलब है कि नीतू कपूर अक्सर अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर की याद में तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। पिछले साल उन्होंने एक फैन द्वारा एडिट की गई तस्वीर शेयर की थी जिसमें ऋषि कपूर अपनी पोती राहा के साथ थे।



लाइफ Style

# मावरा होकेन

## पाकिस्तान से बॉलीवुड तक का सफर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सनम तेरी कसम' 7 फरवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पहली बार 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन ने अहम किरदार निभाया है। मावरा होकेने 28 सितंबर 1992 में पाकिस्तान में पैदा हुई थीं।

मावरा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से कानून में डिग्री हासिल की। वह पाकिस्तान की एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में भी फिल्म की है। मावरा होकेन ने 'खिचड़ी सालसा' टीवी सीरियल से अभिनय की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने 'आहिस्ता-आहिस्ता', 'निखर गए गुलाब सारे' जैसे टीवी सीरियल में काम किया। मावरा ने साल 2016 में बॉलीवुड की फिल्म 'सनम तेरी कसम' से बॉलीवुड में कदम रखा। मावरा ने साल 2018 में पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में 'जवानी फिर नहीं आनी' से शुरुआत की।


मावरा होकेन ने साल 2023 में 'नीम' सीरियल में काम किया है। इस सीरियल में उन्होंने इतना अच्छा काम किया कि उन्हें पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए 'नौवां हम अवॉर्ड' दिया गया। 'सामी' सीरियल में काम करने के लिए मावरा को 'छठा हम अवार्ड' में नॉमिनेट किया गया। 'सबात' में काम करने के लिए उनका नामांकन '20 लक्स स्टाइल अवॉर्ड' में हुआ। मावरा होकेन साल 2020 में 'सबात' के सेट पर पाकिस्तानी एक्टर अमीर गिलानी से मिलीं। इसके बाद 5 फरवरी 2025 को होकेन की मुस्लिम परंपरा के मुताबिक लाहौर में शादी हो गई। मावरा का बचपन का नाम मावरा हुसैन था, लेकिन उन्होंने अपने नाम को सबसे अलग करने के लिए मावरा होकेन कर दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा प्रेजेंटर्स की लिस्ट आई सामने

**लॉस एंजिल्स।** बाफ्टा फिल्म अवॉर्ड 2025 की प्रेजेंटर्स की लिस्ट जारी की गई है। इस साल दर्शकों को सेलिना गोमेज, जोई सल्डाना, जेसी ईसेनबर्ग, जो एल्विन, इसाबेला रोसेलिनी, कोलमैन डोमिंगो और राल्फ फिएनेस जैसे हॉलीवुड सेलिब्रिटीज बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों को ट्रॉफी देते हुए नजर आएंगे। कई और सेलिब्रिटीज भी हैं जो बाफ्टा अवॉर्ड विनर को ट्रॉफी देंगे। इसमें एडम पियर्सन, एडम स्कॉट, एन्ना केंड्रिक, कैमिला कैबेलो, सेलिया इमरी, चिवेटेल एजियोफोर, हन्ना जॉन-कामेन, जेम्स मैकएवॉय, जेम्स नॉर्टन जैसे लोगों के नाम शामिल हैं।



# हद से ज्यादा डरावना है 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के खौफनाक पोस्टर्स भी निर्माताओं ने जारी किए हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है। यह प्लेस्टेशन स्टूडियो के मशहूर गेम पर आधारित फिल्म है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि जब क्लोवर (एला रूबिन) और उसके दोस्त अपनी गायब बहन को ढूंढने के लिए एक सुनसान घाटी में जाते हैं तो वे एक ऐसे डरावने मंजर में फंस जाते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एजियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं।



# 'आखिरी सोमवार' में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल 'आखिरी सोमवार' रखा गया है। ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई 'चाइल्डिस कैट लेडी' कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है।




# छावा : एक्शन में हैं कई खामियां

**नई दिल्ली।** फिल्म छावा वेलेंटाइन डे के मौके पर यानी 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं छावा दर्शकों को मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के गहन और मनोरंजक जीवन से रू-ब-रू कराती है। 'छावा' में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं। छावा में संभाजी महाराज की वीरता को प्रणाम है। लेकिन यह कई ऐसी खामियां समेटे हैं जो इमोशनल कनेक्ट बनाने की राह में रोड़ा अटकाती हैं। इसका अंत लंबा कर दिया गया है, जिस तरह का दर्द और बलिदान दिखना चाहिए था, मिसिंग है। एक्शन में कई खामियां है। एक जगह साफ दिख जाता है कि तलवार गर्दन में नहीं घुसी, बल्कि गले के दूसरी साइड है। फिर वहीं एक सीन में तो मरने वाला योद्धा गर्दन टेढ़ी कर तलवार को थामे है।

## टीवी मसाला

# 'दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के लगाते थे चक्कर'



**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 16 में अमिताभ बच्चन के किस्से दर्शकों को काफी रोचक लगते हैं। रीसेंट एपिसोड में उन्होंने बताया कि कैसे दोस्तों का टूटा स्कूटर मांगकर वह लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाने जाते थे। उन्होंने स्कूटर की जो स्थिति बताई उसे सुनकर दर्शकों ने ठहाके लगाए। बिग बी बोले आज के बच्चे स्टार्ट अप करते हैं, लेकिन वह स्कूटर स्टार्ट करते थे। अमिताभ बच्चन ने बताया के वह दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाते थे। वह बताते हैं, 'जिस उम्र पर यंग लोग आज स्टार्ट-अप लॉन्च कर रहे हैं, मैं भी स्टार्ट-अप में बिजी था...स्कूटर में किक मारने की स्टार्टअप। 'अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पास स्कूटर नहीं था। वह दोस्तों से मांगते थे। वह बताते हैं, 'स्कूटर मिल जाता था पर टूटा-फूटा था। 10-12 किक मारने के बाद चल जाता था। एक्सीलेरेटर खराब होता था, उसमें स्टार्ट-अप किया। वायर दबा दिया, किक मारता था, मुंह से उसको खींचा और चल दिए।' अमिताभ बच्चन ने बताया कि स्कूटर वाली ये ट्रिक उन्होंने रोटी, कपड़ा और मकान फिल्म में भी अपनाई थी। बिग बी पहले भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर चुके हैं। केबीसी 14 के एपिसोड में उन्होंने बताया था कि जब वह नैनीताल में थे तो बाउंड्री वॉल फांदकर भाग जाते थे। पास में गर्ल्स स्कूल था तो वहां लड़कियां देखने को मिलती थीं।

## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएंगे कई ट्विस्ट, अरमान को मिलेगी उसकी असली मां

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 3 ट्विस्ट आने वाले हैं। इन ट्विस्ट की वजह से अरमान, अभिरा, विद्या, चारू, कियारा और अभीर की



जिंदगी हमेशा-हमेशा के लिए बदल जाएगी। गोयनका और पौद्दार हाउस में तमाशे होंगे। एक के बाद एक कई सारे सच सबके सामने आएंगे। अरमान आखिरी बार अपनी और अभिरा की शादी बचाने की कोशिश करेगा। वह अभिरा को अपनी फेवरेट जगह बुलाएगा। जब अरमान वहां पहुंचेगा तब वह देखेगा कि आरके, अभिरा को प्रपोज कर रहा है। अरमान का दिल टूट जाएगा और वह वहां से चला जाएगा। संजय की वजह से चारू मंडप तक नहीं पहुंचेगी। परिवार के एक सदस्य को चारू कि चिट्ठी मिलेगी जिसमें लिखा होगा कि वो ये शादी नहीं करना चाहती है। जब अभीर को ये बात पता चलेगी तब वह भड़क जाएगा और जाकर कियारा से शादी कर लेगा। चारू जैसे-तैसे गोयनका हाउस पहुंचेगी और देखेगी कि अभीर और कियारा की शादी हो गई है।

# 'किस्मत' थी एक करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म



**नई दिल्ली।** इंडियन सिनेमा शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई करता रहा है। अपने 100 साल से भी ज्यादा पूरे कर चुका इंडियन सिनेमा तमिल, तेलुगू और कई साउथ फिल्म इंडस्ट्री से भी जाना जाता है। वैसे आज के समय में साउथ सिनेमा ही इंडियन सिनेमा की पहचान बन चुका है। इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में साउथ सिनेमा की फिल्मों की लिस्ट लंबी है, लेकिन आज हम बात करेंगे उस हिंदी फिल्म की, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे पहले 1 करोड़ रुपए कमाए थे। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी और इसकी कमाई का यह रिकॉर्ड 10 सालों तक बरकरार रहा था। यह फिल्म शोले, मुगल ए आजम, डिस्को डांसर और क्रांति में से कोई भी नहीं है। इस फिल्म ने उस समय में आज की बिगेस्ट ब्लॉकबस्टर फिल्में 3 इडियट्स, पुष्पा 2 और दंगल से भी ज्यादा टिकट सेल की थीं।

### 75 साल पहले रिलीज हुई थी फिल्म

दरअसल हम बात कर रहे हैं 75 साल पुरानी फिल्म किस्मत (1943) की, जिसे ज्ञान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अशोक कुमार, मुमताज शांति और शाह नवाज ने लीड रोल प्ले किया था। यह फिल्म 9 जनवरी 1943 को रिलीज हुई थी और यह उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। महज 2 लाख रुपए के बजट में बनी फिल्म ने 1.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म का टैग अपने नाम कर लिया था। किस्मत एक बोल्ड थीम पर बेस्ड एंटी-हीरो की फिल्म थी, जिसमें एक अविवाहित महिला प्रेग्नेंट हो जाती है।


### पुष्पा 2, दंगल और 3 इडियट्स से कैसे आगे?

बता दें, किस्मत को देखने के लिए 3.5 करोड़ दर्शक थिएटर में जुटे थे। कथित तौर पर कहा जा सकता है कि फिल्म उस समय की सुपरहिट फिल्म है। जबकि पुष्पा 2 का फुटफॉल (2 करोड़), 3 इडियट्स (3.2 करोड़), धूम 3 (3.4 करोड़) और गजनी का (2.4 करोड़) फुटफॉल था। किस्मत ने 75 साल पहले एक ही थिएटर से 12 लाख रुपए का कलेक्शन किया था। यह फिल्म 184 हफ्तों तक थिएटर में चली थी। ऐसे में किस्मत भारत की पहली ऐसी फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है, जिसने 1 करोड़ रुपए सबसे पहले कमाए थे।

# 'द डिप्लोमैट' का ट्रेलर जारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और सादिया खातीब अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। दिवंगत सुषमा स्वराज की जयंती पर रिलीज किया गया यह ट्रेलर 2017 में उनके द्वारा भारत की बेटी को वापस लाने में भारतीय राजनयिक जेपी सिंह का समर्थन करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को श्रद्धांजलि देता है। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह राजनीतिक थ्रिलर फिल्म इस बात के बारे में बताती है कि युद्ध के बजाय चतुराई और बातचीत नायक के अंतिम हथियार हैं। जॉन अब्राहम वास्तविक जीवन के भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं, जो भारत की बेटी को कैद से छुड़ाने के लिए एक उच्च-दांव मिशन पर निकलते हैं। शिवम नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने रणनीति, बुद्धिमत्ता और बातचीत पर आधारित एक ऐसा किरदार निभाया है, जिसे उन्होंने बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं निभाया है। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डिमो पोपोव और एमएससी ग्यड ने की है, जबकि संपादन कुणाल वाल्वे ने किया है। रवि श्रीवास्तव प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख की है। डैनियल बी जॉर्ज ने



फिल्म के लिए मूल संगीत तैयार किया है, जबकि ध्वनि डिजाइन मोहनदास वीपी द्वारा किया गया है। फिल्म का मूल संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। कलाकारों में रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी शामिल हैं। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्मों के सेट पर लिखी गईं इन सितारों के प्यार की दास्तां

**नई दिल्ली।** प्यार का सप्ताह प्रेमियों के लिए इश्क की सौगात लेकर आता है। दुनिया भर में न जाने कितने ही जोड़े इस सप्ताह में अपने प्यार का इजहार करते हैं। कुछ लोग वैलेंटाइन सप्ताह में शादियां भी करते हैं। ऐसे में प्यार और इजहार के इस मौसम में आइए आज आपको बॉलीवुड के उन सितारों की प्रेम कहानियों से रूबरू करवाते हैं, जिनके प्यार की कहानी की शुरुआत उनके फिल्म के सेट से हुई थी। हालांकि, कुछ सितारों ने शादी की, तो वहीं कुछ सितारों की प्यार की दास्तां बिना मंजिल के बीच में ही अटक गई।

## कुछ को मिली मंजिल तो कुछ हुए जुदा



### आलिया भट्ट और रणबीर कपूर

इस लिस्ट में पहला नाम बॉलीवुड के मशहूर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का है। उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान रणबीर ने आलिया को प्रपोज भी किया था। आलिया ने खुद इस बात का खुलासा 'कॉफी विद करण' में किया था। कई साल तक डेट करने के बाद 2022 में दोनों सितारे शादी के बंधन में बंध गए।

### कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा



ऐसा माना जाता है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने फिल्म 'शेरशाह' पर एक साथ काम करना शुरू करने के तुरंत बाद डेटिंग शुरू कर दी थी। हालांकि, कियारा ने 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन में सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते के बारे में संकेत दिए। अभिनेत्री ने कहा था कि वे दोनों करीबी दोस्त से कहीं अधिक हैं। इसके बाद फरवरी 2023 में इस जोड़ी ने शादी कर अपने प्रशंसकों को तोहफा दिया।

### अजय देवगन और काजोल



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल की प्रेम कहानी भी काफी दिलचस्प है। फिल्म 'हलचल' के सेट पर वे और अजय देवगन एक- दूसरे को दिल दे बैठे थे। कई साल तक एक -दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी कर ली। आज वे एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

### करीना कपूर और शाहिद कपूर



शाहिद कपूर और करीना कपूर का रिश्ता बॉलीवुड के सबसे चर्चित और प्यारे रिश्तों में से एक था। दोनों की मुलाकात 2004 में फिल्म 'फिदा' के सेट पर हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। उनका रिश्ता लगभग पांच साल तक चला, लेकिन 2007 में फिल्म 'जब वी मेट' की रिलीज के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। से में शाहिद और करीना की प्रेम कहानी भी शादी के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी।



### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की पहली मुलाकात फिल्म 'बॉम्बे टॉकीज' के सेट पर हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच प्यार की शुरुआत संजय लीला भंसाली की साल 2013 की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' के दौरान हुई। इसके बाद जोड़ी ने 'पद्मावत' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। रणवीर और दीपिका ने अपने रिश्ते को छिपाकर रखा और 2018 में लेक कोमो में शादी कर ली।

### सैफ अली खान और करीना कपूर



सैफ अली खान और करीना कपूर ने भले ही साल 2003 की 'एलओसीः कारगिल' और 2006 की 'ओमकारा' में स्क्रीन स्पेस साझा किया हो, लेकिन दोनों के बीच प्यार की शुरुआत फिल्म 'टशन' के सेट पर हुई। दोनों की कहानी शाही रोमांस निकली। उन्होंने 2008 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। इसके बाद अक्टूबर 2012 में शादी कर ली। कपल के दो बेटे तैमूर और जेह अली खान हैं।



### सलमान खान-ऐश्वर्या राय

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की प्रेम कहानी बॉलीवुड के सबसे चर्चित और विवादित प्रेम कहानियों में से एक है। दोनों की मुलाकात 1999 में फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के सेट पर हुई, जहां से दोनों की प्यार की शुरुआत हुई। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई और जल्द ही दोनों की राहें अलग हो गईं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल पिता-पुत्र को राजपूत समाज का आर्थिक सहयोग



**लोरमी।** ग्राम सरैहा निवासी रामस्वरूप सिंह राजपूत एवं इनके बेटे हेमंत सिंह राजपूत दोनों भिलाई में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर इनके इलाज के लिए आर्थिक मदद की आवश्यकता थी। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में राजपूत युवा मोर्चा लोरमी के सदस्यों ने आगे आकर इनकी मदद की एवं इनको 41 हजार 8 सौ 28 रुपयों का सहयोग प्रदान किया। राजपूत युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी सहयोगकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सुदर्शन सिंह, पूनम सिंह, ठाकुर महावीर सिंह, अशोक सिंह फौजी, सतीश सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, बलराज सिंह, गोपाल सिंह, रघुनाथ सिंह, महावीर सिंह सुकली ,शेर सिंह, आलोक सिंह व ग्राम सरैहा के राजपूत समाज के लोग उपस्थित रहे।

### 40 लीटर अवैध महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी।** उप पुलिस अधीक्षक माधुरी धिरही एवं उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन में लालपुर पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने मुखबीर की सूचना पर 14 फरवरी को ग्राम फुलवारी कला दैहान के पास एक व्यक्ति को 40 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान ग्राम फुलवारी कला दैहान के पास पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध शराब की बिक्री करते साजन चतुर्वेदी पिता राजकुमार चतुर्वेदी उम्र 45 वर्ष निवासी फुलवारी कला को धर दबोचा। पुलिस ने गवाहों के समक्ष आरोपी के उसके कब्जे से 40 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ शराब कीमती 8 हजार को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा दिया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक लक्ष्मण खुंटे थाना प्रभारी, उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा प्रभारी साईबर सेल, राजाराम साहू शामिल रहे।

## निधन

### भागचन्द टहिल्यानी



**बिलासपुर।** ऋषि कॉलोनी जूना बिलासपुर निवासी भागचंद टहिल्यानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. चुहडमल टहिल्यानी के सुपुत्र एवं सुरेश कुमार, नरेश कुमार के पिता थे।

### रुक्मिणी देवी अग्रवाल



**बिलासपुर।** जनकपुर रोड तखतपुर निवासी रुक्मिणी देवी अग्रवाल का 14 फरवरी को निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 15 फरवरी शनिवार को सुबह 10 बजे उनके निवास जनकपुर रोड से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रमोद अग्रवाल की माता थीं।

### मोतीलाल पंजवानी



**बिलासपुर।** मोपक रोड गार्डन सिटी निवासी मोतीलाल पंजवानी जी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 फरवरी को उनके निवास से दोपहर 1 बजे तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. ठाकुरदास पंजवानी के पुत्र एवं राहुल, रवि, राकेश पंजवानी के पिता थे।

## किसकी बनेगी नगर सरकार, आज आएगा जनादेश

# बीआर साव स्कूल में बेरिकेडिंग, पुलिस बल तैनात, अफसरों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज शनिवार की सुबह 9 बजे से बीआरसाव स्कूल में मतों की गणना शुरू होगी जिसके इसके लिए अधिकारियों ने आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है। नगरीय निकायों में किस पार्टी की सरकार बनेगी। इसकी तस्वीर शनिवार को दोपहर तक साफ हो जाएगी।

नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों के मतों की गणना 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगी। शासकीय जिला ग्रंथालय में नगर पालिका मुंगेली, बीआरसाव स्कूल कक्ष क्रमांक 12 में नगर पंचायत जरहागांव एवं कक्ष क्रमांक 31 में नगर पंचायत बरेला की मतगणना की जाएगी। इसी तरह नगर पालिका लोरमी अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल लोरमी, नगर पंचायत पथरिया अंतर्गत सांस्कृतिक भवन पथरिया और नगर पंचायत सरगांव अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल सरगांव में मतगणना की जाएगी। मुंगेली नगर पालिका के लिए 22 वार्डों के 42 बूथों की गणना वार्ड के अनुसार प्रत्येक टेबलों में बारी-बारी की जाएगी। पहले राउंड में सभी वार्डों के बूथ नंबर 1 की गणना होगी। इसके बाद दूसरे राउंड में सभी वार्डों के दूसरे बूथ की गणना होगी। मुंगेली के 3 वार्डों में एक-एक मतदान केंद्र थे अर्थात इन वार्डों की गणना पहले ही राउंड में पूरी हो जाएगी। एक शिवाजी वार्ड में 3 बुथ होने के कारण टेबल नंबर 8 में 3 राउंड में गणना होगी। अध्यक्ष व पार्षद की गणना बारी-बारी से एक टेबल में एक साथ ही होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय-पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं उन्होंने मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 8 बजे मतगणना स्थलों पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि मतगणना स्थलों में ईडीबी की गिनती के लिए अलग टेबल की व्यवस्था की गई है। टेबल में मतगणना पर्यवेक्षकों एवं मतगणना सहायकों के द्वारा मतगणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



शुक्रवार को मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते अफसर।

## जरहागांव में साइलेंट वोटर्स बिगाड़ेंगे समीकरण

**जरहागांव।** नवनिर्मित नगर पंचायत बरेला तथा जरहागांव के नगर अध्यक्ष प्रत्याशियों व पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत 11 फरवरी को मतदान के बाद ईवीएम मशीन में कैद हो गई थी। मतदान के बाद सभी की नजरें चुनाव परिणामों पर बनी हुई हैं। जिला प्रशासन के निर्देश पर 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से बीआर साव स्कूल में मतगणना शुरू कर दी जाएगी। मतगणना के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पंचायत बरेला में 15 पार्षद एवं अध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशियों ने चुनावी अखाड़े में हाथ आजमाए हैं। वहीं यदि बात करें नगर ओपनियन की तो निर्दलीय प्रत्याशियों ने सेंध मारने का काम किया है, उनका दावा है कि साइलेंट वोट का फायदा उन्हें मिलेगा। वहीं भाजपा प्रत्याशी को पार्टी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व बड़े-बड़े नेताओं की सभाओं का फायदा मिल सकता है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस से टूटकर निर्दलीय प्रत्याशियों ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। तमाम दावों और अनुमानों के बीच आज ईवीएम खुलेगी एवं मतगणना के बाद तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

## तखतपुर के सांस्कृतिक भवन में होगी काउंटिंग, तैयारी पूरी



**तखतपुर।** नगरपालिका चुनाव की मतगणना को लेकर नगर में काफी उत्साह है, सांस्कृतिक भवन में होने वाली मतगणना के पहले दिन भर प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्तें लगती रहीं। शनिवार को मतगणना के बाद नगर सरकार किसकी बनेगी यह तय हो जाएगा। नगरपालिका में इस बार 19 हजार मतदाता थे जिसमें 14423 मतदाताओं ने मतदान किया है। लगभग 75 प्रतिशत हुए मतदान में कई वार्ड ऐसे हैं जहां पार्षदों के लिए आमने-सामने की टक्कर है। इसके अलावा नगरपालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा प्रत्याशी वंदना बाला सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी रविंदर पूजा मक्कड़ मैदान में है। सांस्कृतिक भवन में आज सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी एवं लगभग 11 बजे तक प्रत्याशियों की हार जीत का फैसला हो जाएगा।

## पथरिया में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के अपने-अपने दावे

**पथरिया।** नगरीय निकाय चुनाव का परिणाम आज शनिवार को घोषित हो जाएगा। नगर के हॉस्पिटल के पीछे बने सांस्कृतिक भवन को मतगणना स्थल बनाया गया है, जिसमें प्रशासन द्वारा मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पथरिया रिटर्निंग ऑफिसर बीआर ठाकुर द्वारा नगर के सभी चुनाव प्रत्याशियों की बैठक बुलाकर मतगणना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। मतगणना की शुरुआत समय सुबह 9 बजे से होगी, चूंकि मशीन से गिनती होनी है इसलिए लगभग एक घंटे में ही परिणाम सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है। मतगणना से पहले सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी हुलसी रघु वैष्णव ने अपनी जीत का दावा किया वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार उषा ग्वालदास अनन्त ने एक बार फिर कांग्रेस की नगर सरकार बनने की बात कही है। बहरहाल नगर में चुनावी चर्चा जोरों पर है। सभी अपना गणित लगाते नजर आ रहे हैं, पर कौन बाजी मारेगा वह आज पता चलेगा।

## लोरमी में अध्यक्ष समेत 16 पार्षदों के लिए होगी गणना




**लोरमी।** नगर निकाय चुनाव की मतगणना के बाद शनिवार 15 फरवरी को परिणाम सामने आ जाएंगे। इसके लिए हाईस्कूल के आत्मानंद स्कूल में रिटर्निंग आफसर अजीत पुजारी के नेतृत्व पर मतों की गिनती की जाएगी। चुनाव में 3 अध्यक्ष एवं 16 पार्षद के लिए 38 उम्मीदवार मैदान में थे। वार्ड 10 एवं 17 पार्षद निर्विरोध जीत दर्ज कर चुके हैं। सहायक रिटर्निंग अफसर सीपी सोनी ने बताया कि 18 वार्डों में 21 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे, जिसमें 10 हजार 512 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया एवं 3 लोगों ने ईटीबी वोटिंग किया है। यहां कुल 68.96 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले राउंड में अध्यक्ष पद के लिए गिनती होगी एव दो राउंड में परिणाम आएंगे। इसके बाद 16 पार्षदों के लिए मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि गिनती ठीक 9 बजे प्रारंभ होगी, इसके लिए सभी तैयारी पूरी हो गई है।

## खैरा में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

ग्राम पंचायत जयरामनगर के आश्रित ग्राम खैरा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 13 फरवरी कृष्ण पक्ष के मुहूर्त में किया गया।

सर्वप्रथम नव कन्याओं को रामचरित मानस धारण कराकर कलश यात्रा निकाली गई जो माता चौरा से प्रारंभ होकर झिरिया मां सती दाई स्थल होत हुए वापस रामायण स्थल पहुंची। गांव के चौक चौराहों में महिलाओं ने आरती सजाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त में शाम 6:35 बजे नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ। रामायण गायन के लिए आसपास के सभी ग्रामों के साथ साथ अन्य जिले और राज्यों से भी गायकों को आमंत्रित किया गया है। अखंड नवधा रामायण का आयोजन प्रभात फेरी मंडली खैरा जयरामनगर के संयोजकत्व में किया जा रहा है।

आयोजन को सफल बनाने सीताराम पटेल, परमेश्वर पटेल, आनंद राम साहू, आशीष राम साहू, लखन लाल यादव, मोहित पाल,संजय कुमार यादव, धनीराम यादव, रामनाथ साहू, अर्जुन पटेल, अनिल उपाध्याय, हीरालाल पाल, सेत कुमारी पटेल, श्रीबाई साहू, चंद्रिका जगत, दुलौरिन मरावी, राम कुमारी खुसरो, प्रमिला साहू, पांचो साहू, जमुना निर्मलकर, ननकी केवट, ईश्वरी साहू, जानकी साहू, मालती साहू, एवं समस्त ग्रामवासी योगदान दे रहे हैं।

## रासेयो प्रमाण पत्र परीक्षा में शामिल हुए 100 स्वयंसेवक

**सेतगंगा/मुंगेली।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा के मार्गदर्शन एवं जिला संगठक एनके पुरले के निर्देशन में शास नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई एवं महिला इकाई को राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक परीक्षा बी प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में पुरुष इकाई के 48 स्वयंसेवक एवं महिला इकाई के 52 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी संजय बिंझवार एवं महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी ज्योति डहरिया के सहयोग से किया गया। इस परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में व्याख्याता डॉ रामबाबू मिश्रा एवं व्याख्याता मोहन उपाध्याय उपस्थित थे। परीक्षा के अंत में समस्त स्वयंसेवकों को 'जाबो मतदाता जागरूकता' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार मिश्रा, डॉ अमित सिंह, दिलीप देवांगन एवं प्राध्यापकगण योगेन्द्र कुमार साहू, डॉक्टर जयप्रकाश सोनवानी उपस्थित थे।

# गनियारी में ग्रामीण सर्जरी और स्वास्थ्य सेवाओं पर सम्मेलन

- देश-विदेश के लगभग 150 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की चर्चा

**बिलासपुर।** जन स्वास्थ्य सहयोग जेएसएस गनियारी बिलासपुर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। भारत के ग्रामीण शल्य चिकित्सकों का संघ एआरएसआई ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शल्य चिकित्सकों का एक प्रतिष्ठित समूह है, जिसकी स्थापना 1992 में हुई थी। यह समूह नियमित रूप से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हेतु सम्मेलन का आयोजन करता है।

जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका, पशु स्वास्थ्य, जैविक कृषि, आदि सेवाएं प्रदान कर रही है एवं इस वर्ष रजत जयंती मना रही है। इस उपलक्ष्य में एआरएसआईसीओएन 2025 का आयोजन जन स्वास्थ्य सहयोग, गनियारी में किया गया है। यह कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित ह जिसमें पहले तीन दिन प्रिकॉन्फ्रेंस वर्कशॉप्स आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स एवं सर्जन्स, ग्लासगो डॉ अजय शर्मा और डॉ मधुमिता मूर्ति द्वारा एक्यूट क्रिटिकल केयर वर्कशॉप से हुई। इसके बाद रॉयल लिवरपूल यूनिवर्सिटी अस्पताल इंग्लैंड के डॉ शिव सिंह, एम्स रायपुर और संगवारी अंबिकापुर के डॉक्टरों द्वारा दर्द प्रबंधन पर वर्कशॉप आयोजित किया गया। मुख्य सम्मेलन की शुरुआत 13 फरवरी को मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल, एम्स रायपुर के वर्तमान निदेशक एवं सीईओ द्वारा की गई। सम्मेलन की शुरुआत ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर रोगियों को उच्चस्तरीय सेवाएं प्रदान करने के विषय पर चर्चा से हुई। मैग्सेसे पुरुष्कृत डॉ रवि कानन कछार कैंसर अस्पताल असम ने अपने अनुभव साझा किए। एम्स दिल्ली के डॉ शाह आलम ने ग्रामीण क्षेत्रों में हड्डी रोग सेवाओं को सुधारने के उपाय बताए। डॉ मीनू बाजपेई उपाध्यक्ष नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन और डॉ जॉर्ज मैथ्यू पूर्व निदेशक सीएमसी वेल्लोर ने ग्रामीण क्षेत्रों में शल्य चिकित्सा सेवाओं हेतु मानव संसाधन को कैसे बनाए रखें और बढ़ावा दें, इस पर चर्चा की। सिकल सेल रोगियों में एवीएन की समस्या का प्रबंधन, बच्चों में हड्डी के रोगों का निदान व उपचार, ग्रामीण कैंसर की समस्या के लिए प्रबंधन आदि पर विशेष चर्चा की गई। डॉ बालू शंकरन ओरेशन, डॉ रेजी जॉर्ज और डॉ ललिता जॉर्ज संस्थापक ट्राइबल हेल्थ इनिशिएटिव शितलिंगी तमिलनाडु द्वारा दिया गया जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर देश-विदेश से आए चिकित्सकों ने अपने शल्य चिकित्सा से संबंधित शोध प्रस्तुत किए। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 10 स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं व शल्य चिकित्सकों को चैंपियंस ऑफ रूरल सर्जरी अवार्ड दिया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का विषय है, जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हेतु देश-विदेश के लगभग 150 विशेषज्ञ एकत्रित हुए। यह आयोजन राज्य और देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ साइबल जाना, डॉ रमन कटारिया और एआरएसआईसीओएन अध्यक्ष डॉ दिलीप गुप्ता द्वारा किया गया।




गनियारी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

## श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण उद्धव संवाद की व्याख्या



**लखराम।** सरवन देवरी श्रवण धाम में आयोजित श्रीमद भागवत में शुक्रवार को सत्संग की महिमा एवं परीक्षित मोक्ष की कथा कही गई। कथा में उद्धव एवं भगवान कृष्ण के संवाद का चित्रण किया गया जिसमें भगवान कृष्ण ने सत्संग से ज्ञान को बढ़ाकर गोविंदा के चरणों में प्रेम बढ़ाने के उपाय बताए। इसके बाद 24 गुरुओं की कथा में आचार्य जी ने बताया की अपने जीवन में जहां से सीख मिलती है वह अपने गुरु बन जाते हैं। हमारे प्रथम गुरु मां-पिता से लेकर हमें पढ़ाने वाले गुरु सहित सब का आदर सम्मान करना चाहिए। इसके साथ भगवान के शोध की कथा व परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन भी किया गया। मुख्य यजमान सोमनाथ कश्यप व उनकी धर्मपत्नी अनीता कश्यप के साथ उनके परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों ने भगवान की पावन कथा का श्रवण किया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**लगरा।** देवरी रॉक में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ ही श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ व संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ जिसके कथा वाचक पंडित मोहन पाठक जी हैं। तय कार्यक्रम के तहत 13 से 21 फरवरी तक का आयोजन रखा गया है। कलश व पुराण यात्रा के साथ मंडप प्रवेष हुआ एवं पंचाग पूजा की गई। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6.30 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर योगेष शर्मा, लोमस तिवारी, देवरत्न तिवारी, पवन पाण्डेय, उमेष पाण्डेय, रितिक, यश पाण्डेय, रितेश, नीतिश पाण्डेय, शिव बाबा जी, राधेश्याम मिश्रा, मालिकराम मिश्रा, भुवनेश्वर मिश्रा, बिहारी लाल वस्त्रकार, रामाधार वस्त्रकार, अशोक पुरी, प्रणव शर्मा, सखन पुरी, गोरेलाल केवट, राममणि, राजेन्द्र गंधर्व, अनिल गंधर्व, रामकुमार केवट एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं अभिषेक तिवारी उम्र 38 वर्ष आत्मज स्व. श्री कृष्ण कुमार तिवारी निवासी मंगला चौक बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं-
1. यह कि मेरे पुत्र का पूर्व नाम अभ्युदय तिवारी है जो आधार कार्ड नंबर 716537732470 में भी उसका यही नाम दर्ज चले आ रहा है और मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण एवं पासपोर्ट में भी यही नाम अंकित है। 2. यह कि मै अपने पुत्र अभ्युदय तिवारी का पूर्व नाम बदल कर उसके स्थान पर नया नाम अगस्त्य तिवारी करना चाहता हूं। 3. यह कि अभ्युदय तिवारी एवं अगस्त्य तिवारी मेरे पुत्र का दोनों नाम है। 4. यह कि मैं अब अपने पुत्र का सही नाम बदलकर अभ्युदय तिवारी के स्थान पर अगस्त्य तिवारी अंकित कराना चाहता हूं। आगे मेरे पुत्र को सभी शासकीय, अर्द्ध शासकीय दस्तावेजों में अगस्त्य तिवारी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सत्यापन**
मैं अभिषेक तिवारी उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापन कर प्रमाणित करता हूं कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक लिखी बाते सही एवं सत्य है पढ़कर, समझकर सही मानकर आज दिनांक 14.02.25 को अपने हस्ताक्षर किया।

**शपथकर्ता- अभिषेक तिवारी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास परसदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी -105, आबंटी श्री सनीष कुमार तिवारी पिता श्री शशि कुमार तिवारी, को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक-30.12.2014 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती कलेन्द्री देवी पति श्री गंगाराम को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**नाम परिवर्तन**

मैं परदेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह मरावी पिता स्व. श्री गनेश राम मरावी जाति गोड़ उम्र 58 वर्ष निवासी उसलापुर वार्ड क्र. 14 (अल्का ऐवेन्यू कॉलोनी के सामने) पोस्ट आफिस मंगला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।
01. यह कि मेरे शालेय प्रमाण पत्र में परदेश सिंह पिता स्व.श्री गनेश राम दर्ज हैं। 02. यह कि मेरे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं राजस्व अभिलेख में मेरे नाम पप्पू सिंह मरावी पिता स्व श्री गनेश राम मरावी दर्ज है। वर्तमान में मेरे चालू नाम ही सभी जगह सरकारी दस्तावेज में दर्ज हो गया है। मेरा आधार नंबर 8290 0614 8703 मे दर्ज चला आ रहा है। 03. यह कि उक्त दोनों नाम मेरे ही है तथा मेरा अभिलेखों एवं राजस्व रिकार्ड अनुसार मेरा नाम पप्पू सिंह मरावी पिता स्व. गनेश राम मरावी मेरा असली नाम है।
अतः मुझे भविष्य में श्री पप्पू सिंह मरावी पिता स्व. गनेश राम मरावी निवासी उसलापुर वार्ड क्र. 14 (अल्का ऐवेन्यू कॉलोनी के सामने) पोस्ट आफिस मंगला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से जाना व पहचाना जावे और मेरे आगे समस्त दस्तावेजों भारतीय जीवन बीमा निगम आदि में भी मेरा यही नाम दर्ज किया जावे, एवं इसी नाम से जाना जावें। जिस हेतु मैं यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ। ताकि सनद रहे, वक्त, जरूरत पर काम आवें।

**शपथकर्ता**
**(पप्पू सिंह मरावी)**
**पिता स्व. गनेश राम मरावी उसलापुर वार्ड क्र. 14 जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-01 बिलासपुर छ.ग.**
**नोटिस/सम्मंस**

उत्तराधिकार प्र.क्र. 65/2025
आदेश दिनांक -24.01.2025
पेशी तारीख 07.03.2025
प्रोसेस क्रमांक- 57/25

शरद कुमार वर्मा ..........आवेदक

**विरूद्ध**

आयुक्त नगर पालिक निगम व अन्य ....अनावेदकगण

इस न्यायालय में आवेदक शरद कुमार वर्मा ने अपने छोटे भाई अरूण कुमार वर्मा के मृत्यु उपरांत आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर तथा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त व आम जनता द्वारा नगर पालिक निगम में उसकी सेवा अवधि के दौरान जमा रकम के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त राशि के संबंध में किसी भी संस्थान अथवा आम जनता को अधिकार या हित हो या उत्तराधिकार के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 07.03.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक 07.03.2025 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 07.03.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो उसके अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनाँक 12/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

खबर संक्षेप

## मील का पत्थर बनें लोको एवं लोको शेड

**बिलासपुर।** एसईसीआर ने पूरे रेलवे के अंदर यात्री एवं माल परिवहन विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेलवे ने अपने इतिहास में सबसे तेज गति से केवल 295 दिनों में 200 मिलियन टन माल लोड कर एक नया रिकार्ड बनाया है। यह पिछले वर्षो की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है, जो परिचालन और उत्पाद संबंधी प्रगति को दर्शाता है। 316 दिनों में माल लदान राजस्व में 25 हजार करोड़ भी हासिल किया, जो पिछले साल की तुलना में 19 दिन पहले है, जो 6.76 फीसदी को दर्शाता है। मील के पत्थरों को हासिल करने में सफलता इसके लोकोशेड द्वारा प्रबंधित मजबूत लोकोमोटिव रखरखाव प्रणाली के बिना संभव नहीं होती। तीन शेड इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई, इलेक्ट्रिक लोको शेड बिलासपुर और डीजल लोको शेड रायपुर में 696 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव रखे हैं, जो माल ढुलाई परिचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## अंबिकापुर स्टेशन का बदला स्वरूप

**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना में बिलासपुर डिवीजन के अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर दिया गया है। बिलासपुर डिवीजन के 16 स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। इसके तहत अंबिकापुर रेंलवे स्टेशन को यात्रियों के बेहतर यात्री सुविधाओं के अनुरूप विकसित किया गया है। स्टेशन परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए हाइमास्ट लाइट लगाने के साथ प्लेटफार्म पर फ्लोरिंग, अतिरिक्त 6 नए प्लेटफार्म शेल्टर व अन्य कार्य के अलावा सरगुजा की प्रसिद्ध सीताबेंगरा गुफा की तर्ज पर सेल्फी पाइंट बनाया गया है। अंबिकापुर स्टेशन पर किए गए पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिए सुलभ यात्रा के साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

## शादी का झांसा देकर महिला से अनाचार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर महिला से अनाचार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, उसलापुर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला अपने बेटे के साथ रहती हैं। उन्होंने अपने पति को छोड़ दी है। पूर्व में उनकी जान पहचान मुंगेली निवासी नरेन्द्र बंजारे से हुई। उसने शादी करने का झांसा देकर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाया। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो वह गुमराह करने लगा। महिला ने पतासाजी की तो जानकारी हुई नरेन्द्र पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। महिला ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर नरेन्द्र बंजारे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** निमार्णाधीन मकान में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया कि बहतराई निवासी रघुवीर सूर्यवंशी 22 साल ने बीती रात निमार्णाधीन मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शुक्रवार को घरवालों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम जांच में जुट गई है।

# कांग्रेस में निष्कासन को लेकर झगड़ा बढ़ा, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मानहानि की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव में भितराघात और निष्कासन कार्रवाई को लेकर झगड़ा बढ़ते जा रहा है। पूर्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा पांडेय ने अपने निष्कासन कार्रवाई को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उनके खिलाफ मानहानि का केस करने की चेतावनी दी है।



दूसरी तरफ प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय ने अपने निष्कासन को लेकर जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के अधिकार को ही चुनौती दी है पूर्व महिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सीमा पांडेय का कहना है कि मुझे इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से पता चला है कि बिलासपुर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय द्वारा 6 साल के लिए मेरा निष्कासन किया गया है। इसकी सूचना मुझे किसी भी प्रकार से कांग्रेस कमेटी से नहीं दिया गया है। उनका कहना है कि मैं महिला कांग्रेस में शहर अध्यक्ष पद पर पूर्व में 6 वर्षों तक रही और विपक्ष में रहने के दौरान अनेक सफल आंदोलन किए। वर्तमान में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फूलोदेवी नेताम की टीम में प्रदेश महासचिव के पद पर हूं। निगम चुनाव में मैंने महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक के लिए महिला टीम बनाकर शहर के विभिन्न वार्डो में कार्य किया है जिसकी जानकारी महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक से भी ली जा सकती है। उन्होंने 12 तारीख को सोशल मीडिया में आभार व्यक्त भी किया है। निष्कासन की खबर मुझे न्यूज पेपर के माध्यम से मिली, जिसकी जानकारी मैंने अपनी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फूलोदेवी नेताम को दे दी है। मेरे निष्कासन करने का अधिकार विजय पांडेय को नहीं है। मैं सक्षम कोर्ट में विजय पांडेय के विरूद्ध मानहानि का दावा करूंगी।

### दो और कांग्रेस प्रत्याशियों ने की भितराघात की शिकायत

सिरगिट्टी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 गुरूगोविंद सिंह नगर के कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सिंह ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष से शिकायत की है कि नगरीय निकाय चुनाव में उनके विरूद्ध में आशाराम खरे को हमारे ही पार्टी के कार्यकर्ता सतनाम सिंह खनूजा, पूजा खनूजा, रणजीत सिंह खनूजा, मनदीप सिंह खनूजा एवं उनके साथीगण द्वारा खड़ा किया गया है। इन कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग मोबाईल नंबरों से आशाराम खरे के समर्थन में प्रचार-प्रसार कर आशाराम के पक्ष में वोट डालने को कहा जा रहा है। इसके साथ ही इनके निजी संचालित शाला संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता को भी आशाराम के पक्ष में वोट डालने की बात कही गई है। पार्षद प्रत्याशी ने पार्टी विरोधी गतिविधि में लिप्त रहने के कारण इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह नगरीय निकाय चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 24 के कांग्रेस प्रत्याशी प्रलय राजा शर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पाण्डेय से एक कांग्रेस नेता के खिलाफ चुनाव में विरोधी पार्टी को साथ देने व कांग्रेस के खिलाफ प्रचार प्रसार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान एक कांग्रेस नेता द्वारा वार्ड क्रमांक 24 के अंतर्गत कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी एवं भाजपा से महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी के पक्ष में प्रचार प्रसार कर वोटा मांगा गया है। साथ ही वोटिंग के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी के पंडाल में बैठकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ पैसा एवं सामग्री का भी वितरण किया गया है। उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा के इशारे पर काम कर रहे पदाधिकारी

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभयनारायण राय ने अपने निष्कासन पर कहा कि जिस तरह से पार्षद प्रत्याशियों को बुलाकर शिकायत ली जा रही है और आनन-फानन में निष्कासन की कार्रवाई की जा रही है। ऐसा लगता है कि भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी टूल किट बनाकर काम कर रहे हैं। अभयनारायण ने बताया कि अपने निष्कासन को लेकर उन्होंने आज प्रदेश कांग्रेस नेताओं से बात की और पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुबोध हरितवाल संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस को पूरी जानकारी दी है। प्रदेश कांग्रेस ने आश्वस्त किया है कि पूरी घटना की जांच करके कार्रवाई की जाएगी। श्री राय ने कहा कि बिलासपुर कांग्रेस संगठन को लेकर प्रदेश कांग्रेस को चिंता करनी चाहिए और हस्तक्षेप करना चाहिए।

## 11 बसें अभी भी एजेंसी में साढ़े 11 लाख के बिल का भुगतान नहीं होने के कारण वही खड़ी हैं

# 25 करोड़ में खरीदी गईं 50 सिटी बसें होंगी नीलाम, कोराना काल से थमे हैं पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

25 करोड़ में खरीदीं गईं 50 सिटी बसें कंडम हो गई हैं और अब निगम इसकी नीलामी करेगा। इसमें 40 नॉन एसी और 10 एसी बसें शामिल हैं। निगम के मुताबिक इन बसों की 10 साल की अवधि समाप्त हो गई हैं, इसलिए आरटीओ के नियमानुसार इन्हें सड़क पर उतारना ठीक नहीं होगा। हालांकि इसे सीधे तौर पर जनता के पैसों की बर्बादी कहा जा सकता है। जिनके लिए यह सुविधा मुहैया कराने सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है उसके उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो सकी। इसकी भरपाई किसी भी तरह से नहीं की जा सकती है। आज यह बसें कबाड़ में जाने के अलावा कोई और जगह जाने के लायक ही नहीं बची है। इसके लिए आखिर जिम्मेदार कौन है।

- 40 नॉन एसी और 10 एसी बसें शामिल

गौरतलब है कि साल 2016 में केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को सिटी बस सेवा के संचालन के लिए 150 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया गया। इससे बिलासपुर सहित राजधानी रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, जगदलपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा और चिरमिरी में 451 सिटी बसों का संचालन शुरू किया गया। सभी शहरों में कलेक्टर की अध्यक्षता में शहरी सार्वजनिक सोसायटी बना कर सिटी बसों के संचालन का जिम्मा सौंपा गया। जिले में बिलासपुर शहरी यातायात सोसायटी का गठन करते हुए 50 बसों का संचालन सन 2016 में शुरू किया था। बसों का संचालन शासन स्तर पर बेंगलोर की दुर्गाम्बा सर्विस ठेका कंपनी को दिया गया था। ठेका कंपनी के मालिक की मृत्यु के बाद और कोरोना कॉल शुरू होने के साथ ही बसों के पहिए थम गए थे।



कोनी बस डिपो में खड़ी कंडम सिटी बसें।

### कंपनी ने बसों की मरम्मत से किया इनकार

इसके साथ ही जिस बेंगलोर की दुर्गाम्बा सर्विस को बसों के संचालन का काम दिया गया था उसने भी बसों की मरम्मत से इंकार कर दिया है। मरम्मत के लिए दी गई 11 बसें अभी भी एजेंसी में साढ़े 11 लाख के बिल का भुगतान नहीं होने के कारण वही खड़ी हैं। इसकी भी निलामी करने का फैसला लिया गया है। ध्यान रहे कि कोरोना के संक्रमण की पहली लहर के समय 29 मार्च 2020 से प्रदेश भर में सिटी बसों का संचालन बंद करा दिया गया। 2022 में शासन ने सिटी बसों के संचालन का फैसला लिया। उस वक्त बिलासपुर में कबाड़ हो रही 50 सिटी बसों को संचालित करने के लिए 1.26 करोड़ रुपए खर्च करने का एस्टीमेट बनाया गया। बसों का संचालन नहीं होने और मरम्मत नहीं होने पर दुर्गाम्बा कंपनी की 1.22 करोड़ की राशि भी राजसात कर ली गई।

### पहिए गायब, कई बसों में झाड़ियां तक उग आईं

वर्तमान में 40 नॉन एसी और 10 एसी बसें लगभग कंडम हो चुकी हैं। हाल तो यह है कि बसों के पहिए गायब हैं और कई बसों में झाड़ियां तक उग आई हैं। दरअसल ठेका कंपनी के संचालक की अगस्त 2019 में मृत्यु हो गई। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी बसों का संचालन करते रहे। लॉकडाउन के कारण अप्रैल 2020 में बसों का संचालन बंद हो गया। इसके बाद कोनी बस डीपों में इन वाहनों का रखरखाव नहीं होने के कारण सभी बसें कंडम हो रही हैं। अधिकांश बसों के पहिए गायब है तो कई बसों में तकनीकी खराबी होने के कारण डिपो के वर्क शॉप में खड़ा कर दिया गया है। यही नहीं डिपो में बसों के पहियों को मरम्मत के लिए निकालने के बाद नहीं सुधरने पर उन्हें वापस लगाना तक ठेका कंपनी के कर्मचारियों ने सहीं नहीं समझा। पहियों को स्टेफनी समेत बसों को खड़ा करने के लिए लगा दिया गया है। बसें खड़ी तो हैं लेकिन बिना पहियों के।

### खराब बसों की होगी नीलामी

इन बसों की 10 साल की अवधि समाप्त हो गई है, इसलिए आरटीओ के नियमानुसार इन्हें सड़क पर उतारना ठीक नहीं होगा। जो बसें खराब हो गईं हैं उनका आक्शन किया जाएगा।

- **अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी, सिटी बस

**कांच टूटे ऑइल फैला देखने वाला कोई नहीं**

डिपो में खड़ी की गई कई बसों के कांच टूटे हैं। तकनीकी खराबी के कारण बसों से ऑइल जमीन पर फैला पड़ा है। रखरखाव नहीं होने के कारण कई बसों की स्थिति कबाड़ हो चुकी है। नगर निगम अधिकारी और जोन कमिश्नर कार्यालय होने के बाद भी बसों की ओर नगर निगम ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। डिपो में कई बसें ऐंसी भी हैं जो कई सालों से बिगडने के कारण डिपो में खड़ी कर दी गई है। इन बसों को देखने से ऐसा लगता है कि कोई बड़ी खराबी नहीं है, लेकिन बसों के कई साल से खड़े होने के कारण बस के अंदर ड्राइवर सीट के पास गेयर बाक्स के अंदर से झाड़ियां तक उग आई हैं।

## कमीशन के लिए खाता देने वाले खाताधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने पहली बार दूसरे राज्यों में बैठकर आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों को कमीशन में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले खाताधारकों की कुंडली तैयार कर ली है। विभिन्न बैंकों से होल्ड खाताधारकों की जानकारी लेने के बाद उनके खिलाफ साइबर थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस विभाग के लिए आनलाइन ठगी सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बैंक अधिकारी, पुलिस अफसर, सी बी आ ई अधिकारी बनकर लोगों को मनीलाड्रिंग, शेयर मार्केट सहित अन्य प्रकार का झांसा देकर लोगों की जमापूंची ठगी जा रही है। पूर्व में कई मामले में खुलासा हुआ कि दूसरे राज्यों में बैठे जालसाज लोगों से कमीशन में उनका बैंक खाता लेकर उसमें ठगी की राशि ट्रांसर्फर कर ठगी कर रहे हैं। एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने के शर्त में बताया, एसपी रजनेश सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को जिले के विभिन्न बैंकों से आनलाइन ठगी के मामले में होल्ड बैंक खाता धारकों की जानकारी लेने का आदेश दिया गया। अधिकारियों के द्वारा जिले में संचालित सभी बैंकों से संपर्क कर आनलाइन ठगी के मामले में होल्ड बैंक धारकों की जानकारी ली गई। बड़ी संख्या में बैंक खाता धारकों की जानकारी एकत्रित कर ली गई है। बताया जाता है उक्त बैंक खातों से करोड़ों रुपए की आनलाइन ठगी के मामले में अदान प्रदान किया गया है। पुलिस स्वयं प्रार्थी बनकर साइबर थाना में विभिन्न बैंक खाता धारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 317, 5, 318, 4, 323, 61 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सभी बैंक खाता धारकों से लेन देन के संबंध में पूछताछ कर कार्रवाई की जाएगी।



- पहली बार बैंकों से होल्ड बैंक खाता धारकों की जानकारी लेकर की जा रही कार्रवाई

# उद्योगपतियों को भू-भाटक एवं संधारण शुल्क पटाने सीएसआईडी ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी, तिफरा एवं सिलपहरी स्थित उद्योगों से भू-भाटक एवं संधारण शुल्क की बकाया राशि करोड़ों में है, जिसकी वसूली के लिए छग शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है।

- एक माह में अब तक कुल 4 उद्योगों का लीज डीड निरस्त

इस संदर्भ में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक द्वारा भू-भाटक की वसूली एवं अन्य अनियमितताओं के लिए निरंतर नोटिस जारी किया जा रहा है। प्रबंधक ए श्रीधर राव ने बताया कि गत एक माह में अभी तक कुल 4 उद्योगों का लीजडीड निरस्त किया जा चुका है। नोटिस के पश्चात भी वार्षिक देयक की राशि भुगतान नहीं करने पर इकाई को आबंटित भूखंड का निरस्तीकरण करने के निर्देश प्राप्त है। एक माह में उद्योगों से भू-भाटक की राशि 36 करोड़ 28 लाख 2000 रुपए वसूल की गई है। वसूली की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। उद्योगपतियों से सीएसआईडीसी बिलासपुर के पदेन मुख्य महाप्रबंधक ने आग्रह किया गया है कि वे अपने औद्योगिक इकाईयों से संबंधित वार्षिक देय राशियों का भुगतान ऑनलाइन तत्काल करें। लगभग 300 उद्योगों से लगभग 10.00 करोड़ की राशि लंबित सीएसआईडीसी को भुगतान करना है। भुगतान नहीं करने के कारण नियमानुसार 12 प्रतिशत से 24 प्रतिशत तक अर्थदंड/शास्ति के रूप में ऑनलाइन जनरेट हो रहा है।



### भुगतान नहीं करने पर उद्योग विभाग कोई काम नहीं करेगा

प्रबंधक श्री राव ने बताया कि भू-भाटक एव संधारण शुल्क प्रतिवर्ष 10 जनवरी तक राशि जमा नहीं करने पर देय राशि पर अर्थदंड के रूप में शास्ति लेने का प्रावधान है। ऐसे इकाईयां जिनके द्वारा भू-भाटक एवं संधारण शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा। उन इकाईयों का किसी भी प्रकार का काम उद्योग विभाग नहीं करेगा। अतः देय राशि का यथाशीघ्र भुगतान करें। भुगतान करने में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर सीएसआईडीसी के शाखा कार्यालय तिफरा या जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर के मुख्य महाप्रबंधक से सम्पर्क कर सकते हैं।

## समर्थित प्रत्याशियों खिलाफ काम करने पर कांग्रेस ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सत्ताधारी दल के साथ ही प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के दिग्गज पदाधिकारी, रणनीतिकारों ने फोकस करना शुरू कर दिया है। प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी को होना है। इसे लेकर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ने जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों, कांग्रेसजनों के नाम खुला पत्र जारी किया है, जिसमें पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का परचम लहराने कहा है।

इस पत्र में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कार्यकर्ताओं को इस बात की हिदायत भी दी है कि पार्टी लाइन से हटकर काम करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। हालांकि पंचायत चुनाव गैरदलीय आधार पर हो रहा है। इसके बाद भी भाजपा व कांग्रेस ने जिला पंचायत व जनपद पंचायत के सदस्यों के लिए हो रहे चुनाव में पार्टी की ओर से जिला पंचायत सदस्य के लिए उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की है और पार्टी की ओर से अधिकृत उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने और मदद करने का निर्देश भी दिया है। गैर दलीय आधार पर हो रहे चुनाव के बाद भी प्रदेश कांग्रेस ने जिन उम्मीदवारों को अधिकृत किया है उनके पक्ष में प्रचार प्रसार करने का निर्देश भी जारी किया है। नगरीय निकाय चुनाव की तर्ज पर जिला पंचायत सदस्यों के लिए हो रहे चुनाव में भी खुला और भितराघात का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी से बागी होकर चुनाव लड़ने वालों को भीतर ही भीतर साथ देने वालों पर पार्टी की नजरें लगी हुई है।

## निगम की कार्रवाई, चार दुकानों पर 60 हजार की पेनाल्टी

**बिलासपुर।** निगम ने एक बार फिर अभियान चलाया और नेहरू चौक से मंगला चौक तक सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके तहत तीन दुकानों पर 60 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई गई। इसमें बार-बार समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर महामाया स्वीट्स पर 10 हजार रुपए, कृष्णा स्टील पर 20 हजार रुपए, शिखा स्टील पर 20 हजार रुपए और राजस्थान जलेबी वाले पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह पूरी कार्रवाई अतिक्रमण शाखा एवं जोन क्रमांक 3 द्वारा संयुक्त रुप से की गई। लगातार समझाइश के बाद भी दुकान संचालक सड़कों पर सामान रखकर कब्जा कर रहे हैं। ठेले वाले भी जहां पा रहे हैं, वहां ठेले लगा रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। नगर निगम अतिक्रमण निवारण दस्ता और यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर शुक्रवार को नेहरू चौक से लेकर उसलापुर तक कार्रवाई की। मंगला चौक के पास ठेले और गुमटी वालों ने कार्रवाई का विरोध किया। समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर निगम ने चार ठेलों के साथ सड़क पर रखे सामान को जब्त किया। इसके साथ ही फुटपाथ पर अवैध रूप से रखे गए ठेला, गुमटी हटाने के साथ अस्थाई निर्माण को तोड़ा गया है।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## स्कूल जा रही दो छात्राओं से मारपीट फरार दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल जा रही दो छात्राओं से मारपीट कर छेड़खानी करने वाले फरार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 27 जनवरी को क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा सहेली के साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। लखराम व परसदा के बीच परसदा परसोड़ी निवासी प्रताप सूर्यवंशी पिता शनि सूर्यवंशी 23 साल, करण कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. फेकूलाल सूर्यवंशी 21 साल उनका पीछा करते हुए गंदी टिप्पणी कर रहे थे। छात्रा ने मना किया तो दोनों युवक हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगे। पीड़ित छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने फरार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
25 मार्च से 03 अप्रैल, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल, 06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411